● जयपुर, बुधवार, 31 जुलाई 24 ●वर्ष 13 ● अंक 333 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 पेपरलीक माफियाओं को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए हिम्मत...

पेज @4 कोलकाता समेत 10 जगहों पर छापामारी...

पेज @8 » भारत का प्रदर्शन विश्व के लिए आदर्श, देश तीसरी बड़ी...

# वायनाड में भूस्खलन से 90 लोगों की मौत, 140 घायल

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

केरल के वायनाड जिले के मेप्पडी, मुंडक्कई टाउन और चूरल माला में मूसलाधार बारिश के बीच मंगलवार की सुबह हुए भूस्खलन में जानमाल की बड़ी क्षति हुई है। वायनाड जिले के ऊंचाई वाले गांवों में सैकड़ों घर जमींदोज हो गये हैं। भूस्खलन में अब तक 90 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी है और 130 लोग घायल बताये जा रहे हैं। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और कई लोग अभी भी लापता हैं। भारी बारिश के दौरान रात करीब एक बजे मुंडक्कई कस्बे में पहला भूस्खलन हुआ। वहां बचाव अभियान जारी था कि सुबह करीब 4 बजे चूरलमाला स्कूल के पास दूसरा भूस्खलन हुआ। चूरलमाला टाउन में पुल ढहने के बाद क्षेत्र में लगभग 400 परिवार फंसे हुए हैं। यह पुल मुंडक्कई में अट्टमाला तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता है और इसके ढहने से बचाव कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वायनाड में भूस्खलन की घटना में कम से कम 90 लोगों की मौते के बाद केरल सरकार ने मंगलवार और बुधवार को राज्य में आधिकारिक शोक की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड में हुए भूस्खलन में मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने इस आपदा पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री से बातचीत की है और केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।



- **केरल सरकार ने की दो दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा**
- **राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री ने घटना पर जताया दुख**
- **पीएम मोदी ने की मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये व घायलों को 50 हजार देने की घोषणा**
- **मूसलाधार बारिश के बीच भूस्खलन से सैकड़ों घर जमींदोज**

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जताया दुख

**नयी दिल्ली । एजेंसी**





भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी में केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटनाओं में कई लोगों के हताहत होने पर दुख व्यक्त किया है। श्री नड्डा ने मंगलवार को एक्स पर कहा, ''केरल के वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन से बहुत दुखी हूं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा हूं। ईश्वर शोक संतप्त परिवारों को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें।'' वहीं श्री गांधी ने एक्स पर कहा, ''मैं वायनाड में मेप्पाडी के पास हुए भीषण भूस्खलन से बहुत दुखी हूं। मेरी हार्दिक संवेदनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

## केरल में भूस्खलन से 70 लोगों की मौत : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को संसद में बताया कि केरल के वायनाड में दुर्भाग्यपूर्ण भूस्खलन की घटना में 70 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। (हालांकि अब इस घटना में मरने और घायल होने वालों का आकड़ा बढ़ गया है।) केंद्रीय गृह राज्य मंत्री राय ने बताया कि राहतकर्मियों ने मलबे से दो लोगों को जीवत निकाला है और 250 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए रवाना कर दिया है।

**न्यूज़ अपडेट**

## जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में ब्लास्ट, 4 लोगों की मौत

**श्रीनगर/एजेंसी।** बारामुला जिले के सोपोर इलाके में ब्लास्ट होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार इस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई है। ब्लास्ट में मरने वाले में दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं एक अन्य घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार एक स्क्रैप डीलर ट्रक से सामान उतार रहा था। तभी अचानक से ब्लास्ट हो गया। मौके पर ही दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रक से स्क्रैप उतारने के बाद कई लोग उसमें से विभिन्न प्रकार की धातुएं निकालने लगे। इस दौरान एक जोरदार धमाका हुआ।

## सोमनाथ एक्सप्रेस में बम होने की सूचना, मची अफरा-तफरी

**फिरोजपुर/एजेंसी।** जम्मू से जोधपुर जाने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 9226 में बम होने की सूचना के बाद अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद गाड़ी को फिरोजपुर के कासु बेगू रेलवे स्टेशन पर रोका गया।

## राज्य के बजट की उपलब्धियां और बजट के विज़न को जनता तक पहुँचाएं: दिया कुमारी



**चमकता राजस्थान**

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर की वृहद कार्यसमिति बैठक आज भाटिया भवन राजापार्क में सम्पन्न हुई। जिसमें उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी,प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी,बगरू विधायक कैलाश वर्मा वप्रदेश मंत्री अजीत माण्डन,सहित जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने अपने भाषण में सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के अनुशासन के अनुसार चलने के लिए तथा राज्य के बजट की उपलब्धियों के बारे मे ओर बजट किस तरह सभी के लिए लाभदायक है यह बतया उन्होंने पार्टी ओर संगठन को सभी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने ओर उसे दूर करने के लिए कहा ओर सभी को आश्वासन दिया की सभी की समस्या जल्द से जल्द दूर होगी

उस से पहले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया

## मनु भाकर ने रचा इतिहास, आगे एक और मौका : दिया कुमारी




**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शूटर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को पेरिस ओलंपिक में दस मीटर मिक्स टीम एयर पिस्टल इंवेट में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। दिया कुमारी ने कहा कि शूटिंग के ये पदक भारत की शान को दुनिया भर में बढ़ा रहे है। उन्होने कहा कि मनु भाकर ने ना केवल देश का नाम रोशन किया है बल्कि इतिहास भी रच दिया है क्योंकि वे स्वतंत्र भारत के इतिहास में अब तक की पहली खिलाड़ी है, जिन्होंने एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल किये है। दिया कुमारी ने मनु भाकर का आवाहन किया कि वे पूरी लगन से पेरिस ओलंपिक के 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग ले और उन्हे पूरी उम्मीद है कि वे तीसरा मेडल जीत कर अपना नाम भारत के खेल इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवा लेगीं।

ये मेडल भारत के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर भी है क्योंकि यह भारत के लिए शूटिंग टीम इवेंट का अब तक का पहला मेडल है।

## हावड़ा-मुंबई मेल की 18 बोगियां पटरी से उतरी, दो यात्रियों की मौत, 50 घायल

**जमशेदपुर/एजेंसी।**

झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल में मंगलवार को तड×के चार बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। राजखरसावां-बडाबांबो स्टेशन के बीच हावड़ा से चलकर मुंबई जाने वाली 12810 मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्रेन की 18 बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसे में अब तक दो यात्रियों की मौत हुई है, जबकि 50 यात्री घायल हुए हैं। रेलवे की टीम राहत और बचाव में जुटी है। कई यात्रियों को नजदीक के हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। रिलीफ ट्रेन के साथ चक्रधरपुर रेल मंडल के कई सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे हैं। चक्रधरपुर मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने इस दुर्घटना की पुष्टि की है।



सरायकेला जिला प्रशासन के मुताबिक, दो यात्रियों की मौत हुई है। घायल यात्रियों को बस से अस्पताल ले जाया गया है। बताया गया कि इस रूट पर एक मालगाड़ी दो दिन पहले डिरेल हुई थी। मेल एक्सप्रेस उसी मालगाड़ी के डिब्बों से टकरा गई और उसकी 8-10 बोगियां बेपटरी हो गईं।

## राजस्थान के मनोनीत राज्यपाल का मरूधरा की धरती पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया स्वागत

**चमकता राजस्थान**

जयपुर, 30 जुलाई। राजस्थान के मनोनीत राज्यपाल हरीभाऊ किसनराव बागड़े का मंगलवार को जयपुर एयरपोर्ट आगमन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वागत किया। इस अवसर पर शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मरूधरा पर उनका अभिनन्दन किया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अविनाश गहलोत, जयपुर ग्रेटर महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, जयपुर हैरिटेज महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित अन्य जन प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



**पेरिस ओलंपिक** › 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत को मिला कांस्य पदक

# भाकर ने रचा इतिहास, सरबजोत के साथ जीता कांस्य

**एजेंसी**

**पेरिस।** भारत की स्टार शूटर मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में इतिहास रचते हुए शूटिंग में एक और कांस्य पदक जीता है। इसी के साथ मनु ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली देश की पहली महिला निशानेबाज बन गईं हैं।

मनु भाकर ने ने मंगलवार को सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में भारत को कांस्य पदक दिलाया है। इससे पहले उन्होंने महिलाओं के व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में कांस्य पदक जीता था।

मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक के मैच में ओह ये जिन और ली वोन्हो की कोरियाई जोड़ी का सामना किया। मनु और सरबजोत ने क्वालिफायर में 580 अंक जुटाकर तीसरा स्थान हासिल किया था, जबकि कोरियाई जोड़ी 579 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही थी। मनु और सरबजोत ने यह मुकाबला 16-10 के अंतर से मैच अपने नाम किया। इस एक पदक के साथ मनु भाकर एक ही ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बन गई हैं।



## एक ही ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं

मनु भाकर मंगलवार को एक ही ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली भारतीय महिला बन गईं, जब उन्होंने पेरिस ओलंपिक में दक्षिण कोरिया को 16-10 से हराकर 10 मीटर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीता। उन्होंने इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला था। मनु भाकर से पहले नॉर्मन प्रिचर्ड ने 1900 के ओलंपिक खेल में एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि तब भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था। जबकि मनु ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बनीं हैं। प्रिचर्ड के बाद (आज से पहले) कोई भी भारतीय एथलीट एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने में कामयाब नहीं हुआ था। वैसे कुछ भारतीय एथलीट हैं जिन्होंने अपने करियर में ओलंपिक खेलों में दो पदक जरूर जीते हैं। इनमें सुशील कुमार (कुश्ती) और पीवी सिंधू (बैडमिंटन) शामिल हैं। सुशील कुमार ने लंदन 2012 में रजत पदक और उससे पहले बीजिंग 2008 खेलों में कांस्य पदक जीता था। इसी प्रकार बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने रियो ओलंपिक में रजत पदक और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था।

## प्रधानमंत्री ने पदक जीतने पर दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'हमारे निशानेबाज हमें गौरवान्वित करते रहते हैं।' उन्होंने कहा कि ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है। मनु के लिए यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है। चियर्स फॉर भारत।'

**महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में बाढ़ का कहर जारी**

## अब तक चार लोगों की मौत, 500 मकान ढहे

**एजेंसी**

**मुंबई।** रायगढ़ जिले में पिछले 15 दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार तूफानी बारिश से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही बारिश से जिले में 500 मकान ढह गए हैं। जिले में लगातार हो रही बारिश से जिले की सावित्री, अंबा, कुंडलिका आदि नदियों में बाढ़ आ जाने से अब तक 3 हजार 389 लोगों को राहत शिविरों में स्थानांतरित करके सरकार की ओर से हर तरह की मदद दी जा रही है।

आज जिले में बारिश का जोर कुछ कम हुआ है, इसलिए जिला प्रशासन ने नुकसान का जायजा लेने की शुरूआत की है। रायगढ़ जिले की पेन तहसील में स्थित सपोली गांव में तूफानी बारिश में गिरे पेड़ से दबने से आदिवासी यश नाइक की मौत हो गई है। महाड तहसील में नदी में डूब जाने से नामदेव अंबावले मृत्यु हो गई है। इसी तरह वलन खुर्द में 62 वर्षीय व्यक्ति बालाजी उटेकर की और मनगांव तहसील के टेंपले गांव नसरीन गोडमे की बाढ़ के पानी में डूब जाने से मौत हो गई है। इसी तरह जिले में पोलादपुर, पनवेल, मनगांव, सुधागढ़, महाड, कर्जत और म्हासला तहसील में भैंस, बैल और गाय जैसे 17 जानवरों की मौत हो गई है।

## न्यूट अपडेट

## राजाखेड़ा राजकीय महाविद्यालय में किया सघन अभियान के तहत पौधारोपण



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** राजाखेड़ा कस्बे के समीपवर्ती गांव डोंगरपुर में स्थिति राजकीय महाविद्यालय में आज मुख्यमंत्री सघन पौधारोपण अभियान के तहत करीब 50 पौधे लगाए गए। जिसमें महाविधालय के प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार के द्वारा सघन पौधारोपण अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण किया जा रहा है। आज महाविधालय में भी लगभग 50 पौधे लगाए गए जिसमें 20 फलदार और 20 छायादार एवं 10 छोटे पौधे अन्य प्रकार के लगाए गए।उन्होंने बताया कि मेने सभी पौधों को गोद लेकर पुत्र की तरह पालने के भरकस प्रयास से उनकी सुरक्षा और देखभाल करने का दृढ़ संकल्प लिया है। पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थिति प्रत्येक छात्र/ छात्राओं ने पौधारोपण करके उसको रक्षासूत्र बांधकर भाई बना करके संरक्षण की जिम्मेदारी ली है। हम सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधारोपण करना चाहिए जिससे हमारे आसपास की प्रकृति का वातावरण शुद्ध हो। बीए थर्ड ईयर के छात्र कुश राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने पौधारोपण करके प्रकृति को मजबूती प्रदान करने का दृढ़ संकल्प अपने मन में धारण किया है। पेड़ हमारे लिए फायदेमंद ही नहीं बल्कि हमारी प्राणवायु का मुख्य स्रोत हैं। इनके बिना जीवन मृत्यु के समान हैं ! लगाए गए सारे पौधों का संरक्षण और उनकी देखभाल करना हमारा प्राथमिक दायित्व है।कार्यक्रम में प्रोफेसर मानसिंह मीना, होशांग पांचाल, रामकरण रावत, अमर गोस्वामी, चंद्रशेखर सहित विद्यार्थियों में कुश राठौर, बीनेश शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, श्रीकांत राठौर, वीरेंद्र, प्रवीण, गायत्री, कविता, पूजा, शयामवती, शकीना खान सहित अन्य एनएसएस कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ट्रेलर के पहियों में लगी आग, टला हादसा



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हंतरा के समीप शॉर्ट सर्किट होने के चलते अचानक चलते ट्रेलर के पहियों में आग लग गई। चालक ने सड़क किनारे ट्रेलर को रोकते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में नगर पालिका दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार चालक दिनेश कुमार अपने साथी जयदेव दहिया के साथ ट्रेलर में जयपुर से चूना लेकर उडीसा जा रहा। इसी दौरान अचानक हंतरा के समीप शॉर्ट सर्किट होने से ट्रेलर के पहियों में आग लग गई। चालक व परिचालक ने सड़क किनारे ट्रेलर को रोकते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में नगर पालिका दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया। हालांकि, इस दौरान चालक की सतर्कता से बड़ा हादसा होने से टल गया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

## नलकूपों से केबल चोरी होने पर जल सप्लाई होती है बाधित



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में जमात के पास स्थित जलदाय विभाग के नलकूपों से केबल चोरी होने का मामला सामने आया है। उदयपुरवाटी जलदाय विभाग के सहायक अभियंता अनूप अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जमात के पास पाली डूंगरी के नजदीक जलदाय विभाग के नलकूप लगे हुए हैं। वहां से कुछ अज्ञात लोग कई बार जलदाय विभाग की नलकूपों से केवल काट चुके हैं। जिसकी वजह से कस्बे में जल सप्लाई बाधित होती रहती है। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता अनूप अग्रवाल एवं कनिष्ठ अभियंता मोतीलाल सैनी के अनुसार केवल चोरी मामले को ध्यान में रखते हुए जलदाय विभाग की तरफ से उदयपुरवाटी पुलिस थाने में भी मामला दर्ज कराया गया है। विभाग के कनिष्ठ अभियंता सैनी के अनुसार अगर यूं ही केवल चोरी का मामला सामने आने पर उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया गया है। जलदाय विभाग की सहायक अभियंता अनूप अग्रवाल के अनुसार जमात के पास स्थित नलकूपों से केबल काटने का यह 1 महीने में चौथी बार मामला सामने आया है।

**इनका कहना है**

जलदाय विभाग के नलकूपों से केबल काटने वाले शरारती तत्वों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

## 14.55 क्विंटल मृत मछलियों का परिवहन करते पिकअप सहित युवक गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, चौमहला/ झालावाड़ (रमेश मोदी)।** राज्य सरकार द्वारा 15 जून से 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट ,क्रय विक्रय व परिवहन पर प्रतिबंध लगाया हुवा है बावजूद इसके क्षेत्र में अवैध रूप से मछलियों का शिकार व परिवहन धड़ल्ले से जारी में जिसकी रोकथाम हेतु प्रशासन व पुलिस मुस्तेदी से लगी हुई है, क्षेत्र में पुलिस द्वारा दूसरी बड़ी कार्यवाही करते हुवे, थानाधिकारी नंद किशोर वर्मा के सुपरविजन ए एस आई मगन लाल के नेतृत्व में पुलिस जाप्ते ने अवैध मृत मछलियों का परिवहन करते मुलजिम शेख शरीफ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 क्विंटल 55 किलो अवैध मृत मछलिया जप्त कर परिवहन में उपयोग की जा रही पिकउप जप्त की है इस कार्यवाही में ए एस आई मगन लाल, कॉस्टेबल राकेश कुमार ,विनोद कुमार ,ब्रजेश कुमार ,मनीष कुमार ,रघुवीर सिंह शामिल रहे।

# पेपरलीक माफियाओं को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए हिम्मत की नहीं, सरकार की मंशा ही काफी : जितेंद्र

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। भाजपा प्रदेश महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि प्रदेश के 70 लाख युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में पनप रहे पेपरलीक माफियाओं पर भजनलाल सरकार ने नकेल कंसने का कार्य किया है। महज 7 माह में 120 से अधिक पेपरलीक माफियाओं को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम भी भाजपा की भजनलाल सरकार ने किया है। अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए हिम्मत या औकात की जरूरत नहीं होती, अगर आवश्यता होती है तो केवल मंशा की और नेक इरादों की। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस को अपराधियों पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए। इसी की बदौलत आज पेपरलीक माफिया जेल में है। पेपरलीक माफियाओं का उद्योग चलाने वाले डोटासरा अब बेरोजगारों की चिंता करने का ढोंग कर रहे हैं।

भाजपा विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया है। डोटासरा भूल गए कि भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों की बदौलत केंद्र में तीसरी बार सरकार बनी है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के नाम पर देश में गृहयुद्ध होने का बयान देने वाले कांग्रेसी नेताओं की जुबान पर मोदी सरकार ने ताला लगा दिया। मोदी सरकार ने धारा 370 हटाई और लाल चौक पर जाकर तिरंगा भी फहराया गया। आज उसी कश्मीर में लोग अमन-चैन और भाईचारे के साथ रह रहे है।



**धारा 370 हटाने के नाम पर गृहयुद्ध होने का बयान देने वाले कांग्रेसी नेताओं की जुबान पर मोदी सरकार ने लगाया ताला**

**डोटासरा भूल गए की कांग्रेसी नेताओं ने ही देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का किया था काम**

भाजपा विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस के अनुभव वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर उनके ही कोटा के सांगोद से आने वाले जनप्रतिनिधि ने भ्रष्ट लोगों को संरक्षण देने वाला बताया और कहा कि गहलोत का ईमान मर चुका है, ये भ्रष्ट लोगों को सरंक्षण दे रहे है। डोटासरा गहलोत और पायलट के संवाद को भी भूल गए। पायलट का निकम्मा, नकारा कहने वाले गहलोत 5 साल अपनी कुर्सी को बचाने में ही लगे रहे। अब गांव से आने वाले किसान के बेटे को मुख्यमंत्री बना दिया तो ये अनर्गल बयानबाजी कर रहे है।

भाजपा के विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि कांग्रेसी नेताओं ने ही देश को धर्म-जाति के नाम पर बांटने का काम किया था। कांग्रेसी नेताओं ने तुष्टिकरण की नीति अपनाकर धार्मिक उन्माद फैलाने का काम किया था। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में लचर कानून व्यवस्था के चलते प्रदेश दुष्कर्म, महिला और दलित अत्याचार जैसे अपराधों के मामलों में देशभर में प्रथम स्थान पर पहुंच गया था। कांग्रेस सरकार ने 5 साल के राज में प्रदेश को गर्त में धकेल दिया था। वहीं दूसरी ओर भाजपा की भजनलाल सरकार ने सत्ता में आने के बाद ही अपराध पर लगाम लगाने के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स गठित की, बदमाशों के घरों पर बुलडोजर चलाया और पेपरलीक के मामलों की त्वरित जांच के लिए एसआईटी गठित की और भी कई सख्त एक्शन लिए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिस हिसाब से 7 माह में जनहित में कई ऐतिहासिक फैसले किए है उससे सरकार की मंशा साफ कर दी है।

## कांवड़ यात्रियों की सुखद यात्रा के लिए जिला कलक्टर ने जारी की एडवाइजरी



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिले के कांवड़ यात्रियों से राज्य सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी की पालना करने की अपील की है। कांवड़ यात्रा के दौरान क्या करें। हरिद्वार से आने वाले पैदल कांवड़ यात्री कांवड़ पटरी का ही प्रयोग करें। कांवड़ यात्री अपना पहचान-पत्र अथवा आधार कार्ड अथवा ड्राइविंग लाइसेंस अवशय साथ रखें। यात्री अपना वाहन निर्धारित पार्किंग में ही पार्क करें ! अन्यथा एम.वी.एक्ट के अंतर्गत की जावेगी। यात्री अराजकतत्वों से सावधान रहें। वाहन में बैठे कांवड़ यात्रियों की सूची एवं यात्रा विवरण अपने वाहन में अवशय लगाए। निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें, अन्यत्र स्नान करने पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कांवड़ यात्रा के दौरान क्या न करें ! यात्रा के दौरान अपने साथ हॉकी, बेसबॉल, स्टिक, तलवार, नुकीले भाले, लाठी, डंडे इत्यादि लेकर न आए। यात्रा के समय मादक पदार्थों का सेवन न करें। कांवड़ की ऊंचाई 7 फीट से अधिक न रखें, रेलगाडी एवं अन्य वाहनों की छतों पर यात्रा न करें। पुलों से छलांग लगाकर स्नान न करें। कांवड़ में डीजे एवं लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग न करें। संदिग्ध या लावारिस वस्तुओं को न छुएं, इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, और न ही फैलाएं। प्लास्टिक व प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग न करें। यात्रा के दौरान अपनी मोटर साइकिल का साइलेंसर उतारकर न चलाए।

## धानका जाति के लोगों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र नहीं देने को लेकर उपखंड अधिकारी को सोंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** आदिवासी सेवा संस्थान उदयपुरवाटी के कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष होशियार सिंह बामलास के नेतृत्व में मीणा समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी मोनिका सोमोर को ज्ञापन सोपा है जिसमें अवगत करवाया गया है कि राजस्थान में धानक जाति निवास करती है जो अनुचित जाति में आति है, न की अनुसूचित जनजाति में। ज्ञापन में मांग की गई है कि धानक जाति को अनुचित जनजाति का प्रमाण पत्र नहीं बना कर देवें। मीणा समाज के लोगों ने कई बार ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत भी करवा चुके हैं की राजस्थान सरकार एवं जनजाति आयोग दिल्ली द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से स्पष्ट किया गया है कि राजस्थान में धानक जाति के लोग निवास करते हैं जो अनुसूचित जाति में आते हैं। पूर्व में कुछ लोगों के द्वारा अनुसुचित जन जाति के फर्जी प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिए गए थे। जिनको तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। यदि समय रहते समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होता है तो मीणा समाज को कोई बड़ा कदम उठाना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष रतन मीणा जोधपुरा ,पूर्व उपखंड अधिकारी रामधन मीणा उदयपुरवाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष बनवारी लाल मीणा उदयपुरवाटी, सुमेर मीणा उदयपुरवाटी, एडवोकेट अशोक मीणा उदयपुरवाटी, बचना राम मीणा नांगल, बीरबल मीना उदयपुरवाटी सहित आदि थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

➲ मृतक के भाई ने करवाया हत्या का मामला दर्ज

**चमकता राजस्थान**

**वैर (राजवीर सिंह)।** कस्बा के भुसावर गेट निवासी एक जने की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। मृतक के परिजन मृतक को पुलिस थाना लेकर पहुंचे। जहां मृतक के छोटे भाई ने मृतक के पुत्र सहित चार जनों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर मेडीकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कार्रवाही करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं एमओवी एफएसएल टीम को बुलवाकर साक्ष्य जुटाते हुए मृतक के भाई द्वारा दी गई रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गौरतलब है कि कस्बा वैर के भुसावर गेट निवासी होतीलाल पुत्र मुरली जाति माली द्वारा दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि दिनांक 29/7/24 को समय करीब दोपहर 2 बजे मुलजिमान शिवसिंह पुत्र सत्यवीर जाति गूजर निवासी तंवरगढ़ कस्बा वैर एवं काढ़ू, मुकेश पुत्रान कमल जाति माली निवासी ढन्ढ थाना सलेमपुर एवं सोनू पुत्र मोहनसिंह जाति माली निवासी भुसावर गेट कस्बा वैरआये और भाई मोहनसिंह पुत्र मुरली जाति माली निवासी भुसावर गेट कस्बा वैर को घर से जोर जबरदस्ती करते हुए गाडी में पटककर ले गये। जहां भाई मोहनसिंह की चल अचल सम्पत्ति की लिखा पढ़ी करवाकर दिनांक 30/7/24 मंगलवार को समय सुबह करीब 5 बजे भाई मोहनसिंह की हत्या कर शव को पटक गये और भाग गये। जब भाई मोहनसिंह को देखा तो उसकी छाती पर चोट के निशान थे और अंगूठे पर स्याही लगी हुई थी। मृतक के भाई ने बताया कि उक्त सभी मुलजिमान कुछ दिनों पूर्व मोहनसिंह के ट्रैक्टर, फ्रीज कूलर आदि सामान को भी जोर जबरदस्ती से ले गये थे। उक्त मामले को लेकर सीओ धर्मेन्द्र शर्मा ने मौके पर पहुॅचकर जानकारी ली और मेडीकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कार्रवाही करवाते हुए विभिन्न टीमों को बुलाकर साक्ष्य जुटाने का कार्य किया।



# नीता अंबानी ने पेरिस ओलंपिक में इंडिया हाउस की झलक दिखाई

**चमकता राजस्थान**

**पेरिस।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी ने पेरिस ओलंपिक में इंडिया हाउस की एक झलक दिखाई, जो भारतीय एथलीटों का पहला कंट्री हाउस है। रिलायंस फाउंडेशन और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की साझेदारी के तहत स्थापित यह हाउस भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन को बढ़ाने और भारत की ओलंपिक मेजबानी की आकांक्षाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास है। नीता अंबानी ने एक वीडियो संदेश में कहा, यह पहली बार है जब हमारे एथलीटों के पास एक घर है, जहां हम उनका सम्मान करेंगे और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाएंगे।" उन्होंने कहा, इंडिया हाउस में बनारस और कश्मीर के शिल्प प्रदर्शित किए गए हैं. यहां खूबसूरत हस्तशिल्प और पारंपरिक भारतीय आभूषण भी हैं. वीडियो में भारतीय संगीत, नृत्य, और भोजन के महत्व को भी दर्शाया गया है। इंडिया हाउस में कई विशेष कार्यक्रम होंगे, जिसमें दैनिक कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र द्वारा क्यूरेट किया गया है। साथ ही पैनल चर्चाएँ, पदक जीत का जश्न, विशेष वॉच पार्टियाँ और दिग्गज भारतीय एथलीटों से मिलना-जुलना भी शामिल है। यह 27 जुलाई से 11 अगस्त तक पार्क डे ला विलेट में स्थित है और सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक खुला रहेगा।



## हथियार दिखा कर बाइक, नगदी सहित अन्य सामान लूटे बदमाश

**चमकता राजस्थान, नदबई (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र में देर रात नगर रोड स्थित बाईपास पर रौनीजा निवासी एक युवक को अवैध कट्टा दिखाते हुए नगदी सहित मोबाइल, बाइक व अन्य सामान लूटकर अज्ञात बदमाश फरार हो गए। पीडित की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, स्थिति वही ढांक के पांत होती नजर आ रही। विभागीय सूत्रों की मानें तो रौनीजा निवासी पीडित निशांत सिंह पुत्र सुरेश अपनी मेडीकल दुकान को बंद कर गांव जा रहा। इसी दौरान बाईपास चौराहा के समीप बाइक सवार तीन अन्य बदमाशों ने अवैध कट्टा दिखाते हुए रास्ता रोक लिया। बाद में पीडित से करीब 3500 रुपए नगदी सहित मोबाइल, बाइक व अन्य सामान लूटकर बदमाश फरार हो गए।

## अटल भूजल योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण




**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला परियोजना प्रबंधन इकाई अटल भूजल योजना धौलपुर एवं सिंचाई प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान कोटा के संयुक्त तत्वाधान के कृषि विज्ञान केंद्र धौलपुर में आयोजित किया गया जिसमे डॉ. योगेश मनात नोडल अधिकारी अटल भूजल योजना धौलपुर द्वारा परियोजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जल सुरक्षा योजना पर चर्चा के साथ साथ एम आई एस प्रणाली को समझाया तथा जन भागीदारी से जल बचत के साथ साथ कृषि की आधुनिक विधि जैसे फव्वारा, ड्रिप और फसल चक्र के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की ' सिंचाई प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान कोटा के उपनिदेशक हंसराज मीना द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की ' कृषि विशेषज्ञ रामकिशोर गोस्वामी द्वारा डीएलआई 3 एवं डीएलआई 4 पर विस्तारपूर्वक बताया ! पीसी गुप्ता अधिशाषी अभियंता आईएमटीआई द्वारा सभी को धन्यवाद देकर कार्यक्रम समापन किया गया।

# राजस्व मण्डल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह आज होंगे सेवानिवृत्त


**चमकता राजस्थान**

**अजमेर।** राजस्व मण्डल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा में 35 वर्षो का सुदीर्घ सेवाकाल पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त होंगे। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के चन्दौली जनपद के निवासी श्री सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम.ए. (आधुनिक इतिहास) की उपाधि प्राप्त की है।

श्री सिंह पूर्व में उपखण्ड अधिकारी माउण्ट आबू, जिला कलक्टर ,जालोर एवं जयपुर, संभागीय आयुक्त उदयपुर, भरतपुर एवं जयपुर, प्रमुख सचिव लघु उद्योग, पर्यटन, परिवहन, पशुपालन, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम का पदभार सम्भाल चुके हैं। वर्तमान में श्री सिंह के पास राजस्थान टैक्स बोर्ड एवं राजस्थान गैर कृषि विकास अभिकरण के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार भी है।

अपनी विस्तृत सेवा अवधि में श्री सिंह ने गांधी ग्राम योजना, सहकार ग्राम योजना तथा एक ग्राम चार काम योजनाओं के माध्यम से सर्वतोमुखी ग्रामीण विकास को नवीन जनोन्मुखी आयाम प्रदान किया। एक ग्राम चार काम योजना में राज्य के 13000 गांवों में आदर्श तालाब, चरागाह विकास, श्मशान/कब्रिस्तान विकास एवं खेल मैदान विकास के कार्य स्वीकृत किए गये। इसी प्रकार जयपुर जिले में ग्राम बन्धु योजना तथा जालोर में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर एवं सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति पद का अतिरिक्त कार्यभार वहन करते हुए श्री सिंह ने आइ.ए.एस., आर.ए.एस. एवं आर.जे.एस. अधिकारियों से छात्रों का संवाद कार्यक्रम, विभिन्न व्याख्यान मालाओं के आयोजन तथा पुस्तक विमर्श एवं शिखरों से साक्षात्कार जैसे नवाचार कर शैक्षणिक समुदाय में अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल की।



राजस्व मण्डल अध्यक्ष के रूप श्री सिंह के कार्यकाल में कोरोना काल की चुनौतियों एवं दो आम चुनावों के बावजूद राजस्व मंडल सहित राज्य के अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों में 4 लाख से अधिक मुकदमों का निस्तारण हुआ। इसके अलावा अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, राजस्व अपील अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारियों की निर्णय लेखन कार्यशालाओं का आयोजन कर राजस्व न्यायालयों में निर्णय लेखन में गुणवत्ता, त्रुटिहीनता एवं वैधानिकता को सुनिश्चित किया गया। राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ निर्णय एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जिसमें आई.ए.एस., आर.ए.एस. राजस्व अधिकारी, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों ने भाग लिया।

श्री सिंह की नवाचारी पहल के तहत राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिये अन्य राज्यों के राजस्व मंडलों का अध्ययन कराया जाकर राज्य में श्रेष्ठ मॉडल लागू करने के प्रस्ताव सरकार को भिजवाये गये। इस दौरान न केवल राजस्थान तहसीलदार सेवा के दो बैच के 240 अधिकारियों को नियुक्ति एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया वरन 5600 पटवारियों को भी नियुक्त व प्रशिक्षित कर जिलों में पदस्थापित किया गया। डीआईएलआरएमपी (डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम) के तहत जमाबंदी का सेग्रीगेशन (पृथक्करण) खसरा नक्शों का डिजिटलाइजेशन कराते हुए राज्य की 426 में से 420 तहसीलों को ऑनलाइन कराया गया। श्री सिंह के कार्यकाल में राजस्व मण्डल में प्रशासनिक कार्यों के शीघ्र सम्पादन के मद्देनजर ई-फाइल कार्य को पूर्ण प्राथमिकता से लागू किया गया। मंडल में अब तक 30 हजार से अधिक फाइल्स ऑनलाइन होने से कार्य पारदर्शिता एवं समयबद्ध रूप से संपादित हो पा रहे हैं। श्री सिंह साहित्य, इतिहास, राजनीति शास्त्र, दर्शन शास्त्र एवं लोक प्रशासन में गहन रूचि रखते हैं तथा उनके लेख, कविताएं एवं कहानियां विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।

## न्यूज अपडेट

### लावता में प्राचीन शिव मंदिर साढे सोलह सौ वर्ष पहले नाग पड़ा खानेश्वर



### सार्थक पहल: जन्मदिन पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश




### एक पेड़ मां के नाम के तहत रेल्वे ने किया पौधों का वृक्षारोपण

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



### एससी एसटी एक्ट में 8 माह से फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार



## झुग्गी झोपड़ियों में बांटी भोजन सामग्री



## दलित अधिकार केंद्र के तत्वाधान मे विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



## डॉ. भीमराव अम्बेडकर अजाक कर्मचारी एसोसिएशन ने जिला जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



## राशन डीलर संघ ने लिया फैसला, एक अगस्त से नही होगा राशन वितरण



# विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर संवाद संपन्न, संवाद में जुड़े गणमान्य नागरिक



### इको क्लब का पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



## संक्षिप्त खबरें

### डकैतों ने कपड़ा व्यवसायी के घर में की लूटपाट

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली थाना क्षेत्र में सोमवार की रात डकैतों ने एक कपड़ा व्यवसायी के घर में जमकर उत्पात मचाया। करीब 10 की संख्या में आये डकैतों ने घर में घुसकर लूटपाट की। साथ ही तीन लोगों पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। हालांकि, एक डकैत को घर वालों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। घटना सुगौली के सरगम सिनेमा रोड में रेडीमेड कपड़ा व्यवसायी ओमप्रकाश बरनवाल के घर पर हुई है। पीड़ित व्यवसायी के परिजनों ने बताया कि रात में दो बजे के करीब 10 की संख्या में डकैत बांस के सहारे घर में घुसे। जब उनका विरोध किया तो डकैतों ने एक-एक कर व्यवसायी, उनकी पत्नी और एक बेटे को चाकू मार कर घायल कर आसपास के लोगों को फोन कर बुलाया। घर में जब लोग पहुंचे तो खुद को फंसता देख डकैत वहां से भागने लगे। इसी बीच घर वालों ने एक बदमाश को पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना में घायल व्यवसायी का पुत्र की स्थिति गंभीर है जबकि व्यवसायी दंपत्ति खतरे से बाहर है। सुगौली थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि सूचना के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए भेज गया। फिलहाल पकड़े गए डकैत से पूछताछ के बाद अन्य फरार डकैतों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है।

### गर्भवती काजल हत्याकांड मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

**भागलपुर।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोगलपुरा में तीन साल पूर्व हुई बहुचर्चित गर्भवती काजल हत्याकांड मामले में न्यायालय ने मोगलपुरा की लेडी डॉन जेवा खान और उसके देवर इंतसार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय हो कि बीते 25 जुलाई को एडीजे-5 सुदेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में दोनों को दोषी करार दिया था। लेडी डॉन जेवा खान को आजीवन कारावास सहित 30 हजार रुपया का जुमार्ना और उसके देवर इंतेसार को आजीवन कारावास सहित 50 हजार रुपया का जुमार्ना की सजा सुनाई गई है। मामले की सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक रियाज हुसैन ने हिस्सा लिया। वहीं कांड के नामजद अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध भी सुनवाई जारी है। उल्लेखनीय हो कि तीन साल पूर्व 19 जुलाई 2021 को हुई इस घटना में कुख्यात अपराधी टिंकू मियां पर साजिश रचने का आरोप लगा था। मृतका काजल के पिता आरिफ के द्वारा बबरगंज थाना में मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें टिंकू मियां, जेवा खान, इंतेसार, बादशाह और रहमत कुरैशी को नामजद अभियुक्त बनाया गया था।

### अब बिहार में भी हिंदी में होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

**पटना।** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हिन्दी में बैचलर ऑफ मेडिसीन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी (एमबीबीएस) की पढ़ाई होती है। इसी तर्ज पर अब बिहार सरकार ने भी राज्य में हिन्दी माध्यम से एमबीबीएस की पढ़ाई कराने का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से उन छात्रों को ज्यादा फायदा होगा, जिनकी मातृभाषा हिन्दी है। भागलपुर के जेएलएनएमसीएच समेत राज्य के मेडिकल कॉलेजों में इसकी तैयारी चल रही है। पटना स्थित आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय से मेडिकल कॉलेज को पाठ्यक्रम और किताबें भेजी जाएंगी और छात्रों को हिंदी माध्यम से पढ़ाने के लिए शिक्षकों का भी चयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में कराने का फैसला लिया है। इसके लिए सिलेबस और किताबें आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार किया जाएगा। एमबीबीएस की पढ़ाई में इस बड़े बदलाव से उन छात्रों को पढ़ाई में सुविधा होगी, जिन्होंने हिन्दी माध्यम से स्कूली शिक्षा हासिल की है। क्योंकि, ऐसे छात्रों को अंग्रेजी में पढ़ाई करने में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी माध्यम से होने पर वो मेडिकल की पढ़ाई अच्छी तरह कर पाएंगे और ज्यादा अच्छे तरीके से किताबों को भी समझ पाएंगे। हिंदी में एमबीबीएस की किताबें खरीदने के लिए अधिकारिक रूप से निविदा भी जारी कर दिया गया है।

### आरामबाग में सिनेमा हॉल में लगी आग

**हुगली।** हुगली जिले के आरामबाग शहर में स्थित करुणा सिनेमा हॉल में मंगलवार सुबह आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह 11 बजे सिनेमा हॉल में मैटिनी शो शुरू होने वाला था। लेकिन उससे पहले सिनेमा हॉल के कर्मचारियों ने सिनेमा हॉल के भीतर धुआं उठता देखा। दिखते ही देखते आग की लपटे उठने लगी और सिनेमा हॉल का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग को काबू करने में जुट गए। खबर लिखे जाने इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं थी। दमकल कर्मियों का प्राथमिक अनुमान है कि शार्ट सर्किट के कारण यह आग लगी है। खबर लिखे जाने तक इस अग्निकांड में होने वाले नुकसान का आकलन नहीं किया जा सका था। सिनेमा हॉल के मैनेजर का कहना है कि एक एसी जल गया है। ऐसा लग रहा है कि आग वहीं से शुरू हुई होगी। बहरहाल, आग लगने के कारणों की जांच जारी थी।

### मयनागुड़ी में चाय की पत्तियां तोड़ने को लेकर विवाद, 4 गिरफ्तार

**कोलकाता।** चाय की पत्तियां तोड़ने को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया। घटना सोमवार को मयनागुड़ी के सप्तिपरी-2 ग्राम पंचायत इलाके में घटी। आरोप है कि हमला धारदार हथियार और लाठियों से किया गया। कई लोगों को लहूलुहान हालत में मयनागुड़ी ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। बाद में कुछ को जलपाईगुड़ी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इस घटना में पुलिस ने सोमवार रात चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

## राशन भ्रष्टाचार मामले में ईडी फिर सक्रिय

# कोलकाता समेत 10 जगहों पर छापेमारी

संवाददाता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के खत्म होने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी एक बार फिर सक्रिय हो गई है। ईडी ने राशन भ्रष्टाचार मामले की किनारा पाने के लिए मंगलवार सुबह से कोलकाता सहित उत्तर और दक्षिण 24 परगना के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 10 स्थानों की तलाशी शुरू कर दी है। ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी चावल मिल मालिक बारिक बिस्वास पर विशेष नजर है। उनके राजरहाट आवास, बारासात, बशीरहाट के कई पतों पर तलाशी अभियान चला गयी। केंद्रीय सेना के जवानों ने घर को घेर कर रखे थे। कथित तौर पर उनके परिवार के सदस्यों से पूछताछ की गयी है। इसके



अलावा फ्लैट के नीचे रखी बारिक बिस्वास की दो लग्जरी कारों की भी तलाशी ली गई। जांच सूत्रों के मुताबिक, वे दोनों कारें उनकी कंपनी के नाम पर हैं। इसके अलावा ईडी के अधिकारियों ने देगंगा के कारोबारी मुकुल रहमान और भांगड़ के तृणमूल (टीएमसी) नेता काइजर अहमद के भाई के घर पर भी छापेमारी की। पता चला है कि यह तलासी राशन घोटाला मामले के विभिन्न स्त्रोतों को खोजने के लिए है।

राशन भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और उनके करीबी कारोबारी बकीबुर रहमान को ईडी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। उनके साथ बारिक बिस्वास और मुकुल रहमान का नाम सामने आया। इन सभी के पास राइस मिल हैं और वे विभिन्न व्यवसायों से भी जुड़े हुए हैं। ईडी की जानकारी के मुताबिक खाद्य मंत्री के करीबी ये कारोबारी इतने बड़े राशन भ्रष्टाचार मामले में शामिल हैं। इसलिए केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनसे पूछताछ और उनके घरों पर छापेमारी कर विस्तृत जानकारी की तलाश शुरू कर दी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, बशीरहाट के संग्रामपुर का कारोबारी बारिक विश्वास सोने की तस्करी, गाय तस्करी और कोयला तस्करी के मामलों में भी शामिल था। 2014 में उन्हें सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। ईडी के अधिकारियों का मानना है कि बारिक बिस्वास ने राशन वितरण घोटाले में भारी मात्रा में पैसा सोना और ईंट भट्ठा कारोबार में निवेश किया था। उनके राजारहाट स्थित फ्लैट में एक रिसेप्शन की तस्वीर है। इसमें बारिक बिस्वास के नाम के साथ तृणमूल कांग्रेस का लोगो दिख रहा है। नतीजतन, उनके तृणमूल योग पर कोई संदेह नहीं रह गया है।

## अग्निशमन विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**किशनगंज।** अनुमंडल अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर मंगलवार को अग्नि जागरूकता प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली अग्निशमन कार्यालय से आरंभ हुई। जो बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन रोड होते हुए निकाली गई। इस दौरान अनुमंडलीय अग्नि शामालय पदाधिकारी मदन कुमार के नेतृत्व में आग से बचाव से संबंधित लिफलेट, पैंपलेट वितरण किया गया। जिसमें अग्निशमन विभाग के कई कर्मी शामिल हुए। पम्पलेट के जरिये लोगों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। यात्रियों को भी जागरूकता के मद्देनजर जानकारियां दी गई। अनुमंडल अग्निक समाहरणालय पदाधिकारी मदन कुमार ने बताया कि अलग अलग क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## 43 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



एजेंसी

**अररिया।** अररिया फारबिसगंज मुख्य मार्ग में एनएच 27 में सिमराहा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मंगलवार को मारुति वैगन आर कार में छिपाकर तस्करी कर ले जाए जा रहे 43 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया।यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक सह सिमराहा थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी के नेतृत्व में सिमराहा थाना के पुलिस अधिकारियों और सशस्त्र बल के जवानों ने की। मामले की जानकारी देते हुए सिमराहा थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने बताया कि मानिकपुर चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया था।इस क्रम में अररिया से फारबिसगंज की ओर तेज गति से मारुति वैगन आर कार संख्या बीआर 07 एएल 3451 को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो चालक गाड़ी को और तेज गति से भगाने लगा।जिसके बाद कई किलोमीटर पीछा करने के बाद रेणुगेट के समीप कार को धर लिया गया और जब गाड़ी की जांच की गई तो कार के सीट के नीचे छिपाकर रखे 43 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में शराब तस्कर मधुबनी जिला के धाकजरी अनरेर के परकौली निवासी 46 वर्षीय ललित यादव पिता -मानजेर यादव को गिरफ्तार किया गया।सिमराहा थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने गिरफ्तार शराब तस्कर से कड़ी पूछताछ कर बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज को खंगालने की कोशिश की। पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने कई रहस्य और संलिप्त लोगों के बारे में पुलिस को जानकारी दी है।

## गन्धर्वडांगा एनएच 327 ई पर भीषण सड़क दुर्घटना

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज बहादुरगंज रूट पर गन्धर्वडांगा थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी के समीप एनएच 327 ई पर खड़ी ट्रक को चलती हुई ट्रक ने पीछे संतुलन खोकर जोड़दार टक्कर मार दी जिससे ट्रक के परखच्चे उड़ गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टक्कर के बाद ट्रक चालक और खलासी इस दुर्घटना में बाल बाल बच गये लेकिन एक व्यक्ति घायल हो जाने के कारण इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। वहीं डायल 112 पर घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पौआखाली पुलिस और गन्धर्वडांगा पुलिस पहुंची।घटना की पुष्टि करते हुए इस संबंध में जानकारी देते हुए पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना अहले सुबह की है। घटना से संबंधित जानकारी के लिए गंधर्वडांगा थाना के थानाध्यक्ष से भी दुरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नही हो सका।

## एक धागे में बंधे पार्थ-माणिक-सुजयकृष्ण भर्ती भ्रष्टाचार पर ईडी ने हाईकोर्ट में किया दावा

संवाददाता

**कोलकाता।** सुजयकृष्ण भद्र, 'कालीघाट के काकू', भर्ती भ्रष्टाचार में वित्तीय लेनदेन में माणिक भट्टाचार्य के बहुत करीबी थे। यह सबूत उनके व्हाट्सएप चैट और फोन कॉल से मिला है।

प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य की जमानत मामले में ईडी ने सोमवार को कोलकाता हाई कोर्ट में यह जानकारी पेश की। सिर्फ ये दोनों ही नहीं केंद्रीय जांच एजेंसी ने भी जस्टिस शुभ्रा घोष की अदालत में दावा किया कि पार्थ चटर्जी के वित्तीय भ्रष्टाचार का सीधा संबंध उनसे है। ईडी अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि माणिक-पार्थ-सुजयकृष्ण सभी भर्ती भ्रष्टाचार में एक धागे में बंधे हुए हैं।

प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य शिक्षक भर्ती घोटाले में लंबे समय से जेल में बंद हैं। सोमवार को उनकी जमानत पर सुनवाई थी। पिछले दिन की तरह वह अपने सेल में रोते हुए नजर आए। माणिकबाबू ने आँसू पोंछते हुए कहा, "मेरा छोटा भाई, मेरा बेटा, उसने मेरे खिलाफ बयान दिया है!" यह कहकर वह फिर रो पड़े।



ईडी ने सोमवार को हाई कोर्ट में माणिक भट्टाचार्य की जमानत का भी विरोध किया। केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील फिरोज एडुल्जी ने कहा, "पार्थ-माणिक-सुजयकृष्ण भ्रष्टाचार के एक ही धागे से बंधे हुए हैं। इस तरह के वित्तीय अपराध या भ्रष्टाचार का समाज के विभिन्न स्तरों पर गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अनुब्रत मंडल, गौतम कुंडू के वित्तीय भ्रष्टाचार मामले का जिक्र करते हुए एडुल्जी ने यह भी कहा कि इस वित्तीय घोटाले में पार्थ चटर्जी, सुजयकृष्ण भद्र और माणिक भट्टाचार्य के बीच 'इंटरलिंक' यानी करीबी संबंध है। इस मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को है।

## सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने को ले खेत मजदूर यूनियन का धरना

एजेंसी

**नवादा।** बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन की नवादा इकाई के आह्वान पर मंगलवार को नरहट प्रखण्ड मुख्यालय पर सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने सहित 14 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय रोषपूर्ण धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेत मजदूर यूनियन के प्रखण्ड अध्यक्ष अम्बिका राम ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि नरहट प्रखण्ड में बहने वाली नदियों से बालू उठाव को रोक जाय। बालू के उठाव के कारण सभी पईन का मुहाना उचा हो गया है जिसके कारण पईन में पानी नही जा रहा है। मुहाना को साफ कराया जाय। कम वर्षा के कारण धान की रोपनी बहुत कम हुई है इसलिए नरहट प्रखण्ड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया जाय।



मंहगाई पर रोक लगाने, महिलाओं, दलितों, कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों पर हमले बन्द करने । साठ वर्ष पूरा करने वाले सभी गरीबों को पांच हजार रुपये मासिक पेंशन देने समेत 14 सूत्री मांगों को लेकर विस्तार पूर्व अपनी बातें रखी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गोविंद प्रसाद ने कहा कि खेत मजदूरों की समस्या को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय पर धरना के माध्यम से अपनी मांगों को तेज कर रहे हैं। हमारा अंचल मुख्य रूप से खेती पर आधारित है। हमारे अंचल में दो नदियां है। दोनों नदी के मुहाने उचा हो गया है। इसको सही कराया जाय जिससे पईन में पानी जा सके। उन्होंने कहा कि मजदूरों को मनरेगा योजना से काम दिया जाय और मजदूरी को बढ़ा कर 600 सौ रुपए किया जाय। खेत मजदूरों के लिए ब्यापक केंद्रीय कानून बनाया जाय। आयुष्मान योजना डॉक्टरों पदाधिकारियों का लूट की योजना बन गया है। आयुष्मान योजना को बंद कर इसका लाभ सीधे मरीज के खाते में दिया जाय। कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने सम्बंधित कर किसान मजदूरों की समस्या को उठाया और सरकार से समाधान की मांग की। इस मौके पर सचिव श्यामसुंदर चौहान, बह्मदेव प्रसाद आदि सैकड़ों की संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बजबज से चोरी सोना महाराष्ट्र से बरामद

संवाददाता

**कोलकाता।** बजबज स्थित एक कच्चे सोने की दुकान से करीब 31 लाख 70 हजार रुपये का सोना की हुआ था। जिसमें से डायमंड हार्बर जिला पुलिस ने करीब 22 लाख रुपये का सोना बरामद कर लिया। इस चोरी के आरोपी सोने की दुकान के एक कर्मचारी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। अप्रैल 24 को, बजबज के पयायेस्टार मोड़ पर श्री गणेश ऐस सेंटर नामक सोने की दुकान से 475 ग्राम सोना और 23,000 रूपए नकद चोरी हुआ था। दुकान के सीसीटीवी फुटेज में दुकान का एक कर्मचारी सोना हड़पते हुए नजर आया था। स्टोर के मालिक नितिन बाबू मूल रूप से महाराष्ट्र के सोने के व्यापारी हैं। उन्होंने बजबज स्थित विभिन्न स्थानों से कच्चा सोना खरीदता है और खुदरा दुकानों में इसकी आपूर्ति करते है। उसी दिन नितिन बाबू ने कर्मचारी समाधान पोपट गड़ाड के नाम से पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी थाने में जमा किये थे।



नितिन ने पुलिस को बताया कि कर्मचारी उसके इलाके का है और डेढ़ साल पहले काम पर योगदान किया था। इसके बाद बजबज थाने की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए जांच शुरू की। आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखने पर, जांच अधिकारी ने पाया कि उस कर्मी अलग-अलग समय पर अलग-अलग स्थानों पर है। आरोपी को तीन महीने तक निगरानी में रखा गया। एक बार उस कर्मचारी की लोकेशन महाराष्ट्र के सिरस थाना क्षेत्र के सारपुर जिले में मिली। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अम्लान कुसुम घोष ने सोमवार को कहा कि शिकायत के आधार पर जिला पुलिस का एक विशेष अभियान समूह बनाया गया और महाराष्ट्र में उस स्थान पर पहुंचा। आरोपी को 23 जुलाई को उस इलाके से गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ के बाद उसके घर के पास गन्ने के खेत से चोरी किया गया 475 ग्राम सोना से 310 ग्राम बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार कर्मचारी को ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया। अलीपुर अदालत में लाए जाने पर अदालत के आदेश पर आरोपी को 9 दिन पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस गिरफ्तार से पूछताछ कर बाकी सोना बरामद करने का प्रयास कर रही है।

**कोलकाता** एआईआईएफए सस्टेनेबल स्टील मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने की बैठक

## 2024 का बजट उद्योग की उम्मीदों को पूरा करने में सक्षम नहीं है

संवाददता

**कोलकाता।** सेकेंडरी स्टील उद्योग की अनूठी आवाज, एआईआईएफए सस्टेनेबल स्टील प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने आज द ओबेरॉय ग्रैंड, कोलकाता में एक क्लस्टर बैठक का आयोजन किया। बैठक में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और पूर्वी भारत के प्रमुख इस्पात उत्पादकों की भागीदारी देखी गई। चर्चा का संचालन एआईआईएफए अध्यक्ष योगेश मंडल और महासचिव कमल अग्रवाल ने किया, और इसमें लक्सकोन स्टील्स के गोपाल गुप्ता, राधा स्मेल्टर्स के सुमन सराफ, कालिका स्टील अलॉयज के अनिल गोयल, बालाजी निर्यात के हेमंत लूनिया, जालना सिद्धिविनायक अलॉयज के दिनेश अग्रवाल, राघव



प्रोडक्टिविटी एन्हांसर के राजेश काबरा, अमलगम स्टील के सौरभ मिश्रा, श्याम स्टील इंडस्ट्रीज के एस.एस. बेरीवाला, बीडीजी मेटल एंड पावर के रमेश चंद गोयल, इलेक्ट्रोथर्म के सूरज भंडारी, श्याम मेटालिक के विश्वाल बबना और स्टील एंड मेटलर्जी के निर्मल्य मुखर्जी अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य इस्पात उद्योग को प्रभावित करने वाली क्षेत्र की विशिष्ट चुनौतियों पर चर्चा करना, नई एनडीए सरकार के तहत जीएसटी से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान करना और इस क्षेत्र के उद्योग को दो दिवसीय स्टीलेक्स 2024 और स्टील में हरित क्रांति - सतत नवाचार पर 36वें राष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में अपडेट करना तथा उसमें आमंत्रित करना था। जो 18-19 सितंबर 2024 को बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर , गोरेगांव, मुंबई में आयोजित की जाएगी। फोरम ने यह भी कहा कि 2024 का बजट उद्योग की उम्मीदों को पूरा करने में सक्षम नहीं है। प्रतिभागियों ने इस्पात क्षेत्र के लिए पर्याप्त सहायक उपायों की कमी पर निराशा व्यक्त की और इस्पात की खपत बढ़ाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने उद्योग को विकसित करने के लिए मजबूत सरकारी समर्थन और प्रोत्साहन की आवश्यकता पर जोर दिया, और स्थानीय इस्पात उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और मांग को प्रोत्साहित करने के लिए नीति समायोजन और वित्तीय पहल की सिफारिश की। इस चर्चा में एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया, जहां उद्योग के लीडर क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए स्थायी नवाचार और रणनीतियों का पता लगा सकते हैं। एआईआईएफए के अध्यक्ष योगेश मंडल ने उद्योग की सतत वृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इन चुनौतियों का सामूहिक रूप से समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सस्टेनेबल स्टील मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के रूप में एआईआईएफए की रीब्रांडिंग का उल्लेख किया एक महत्वपूर्ण कदम जो वैश्विक रुझानों और नियामक अपेक्षाओं के अनुरूप इस्पात उत्पादन में अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर इशारा करता है।

## 14 सूत्री मांगों को लेकर सीपीआई ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

एजेंसी

**अररिया।** बढ़ते आपराधिक वारदात और व्याप्त भ्रष्टाचार सहित गरीबों को फ्री राशन,पेंशन,वास-आवास, शिक्षा, चिकित्सा एवं नियमित बिजली आपूर्ति सहित 14 सूत्री मांगों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से मंगलवार को फारबिसगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया गया। सीपीआई के कार्यकर्ता कामरेड शिव नारायण सिंह की अध्यक्षता में एफसीआई चौक से विभिन्न चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे। जहां कार्यालय का घेराव करते हुए कार्यकताओं ने नुक्कड़ सभा की। इस दौरान भाकपा के कार्यकर्ता



अपने मांगों के समर्थन में लगातार नारेबाजी करते रहे। प्रदर्शन कर रहे भाकपा के शिव नारायण सिंह, गेनालाल महतो, महेश चौधरी, सलाउद्दीन, ढीपन ऋषिदेव, जिला पार्षद नवीसा खातून आदि ने मांगों को लेकर बताया कि उनकी मांगे राज्य में गिरती विधि व्यवस्था और आपराधिक वारदातों पर रोक, बढ़ती महंगाई पर रोक,ग्रामीण सड़कों तथा क्षतिग्रस्त पुल पुलिया का निर्माण एवं जीर्णोद्धार,रामपुर ओवर ब्रिज से जुम्मन चौक बस स्टैंड सुभाष चौक तक तेज गति वाहन परिचालन पर रोक, प्रखंड के बोकड़ा पंचायत के अहमदपुर के 13 महादलित का निर्गत बासचीत पर्चा की जमीन पर दखलअंदाजी दिलाया जाना,नियमित बिजली आपूर्ति एवं बिजली बिल में बढ़ती जा रही अनियमितता पर रोक, पंचायत स्तर पर आधार कार्ड का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्र के छूटे लोगों का अभियान चला कर राशन कार्ड का निर्माण सहित कुल 14 मांगे हैं। प्रदर्शनकारी भाकपा नेताओं में शिव नारायण सिंह, गेनालाल महतो, महेश चौधरी, सलाउद्दीन, ,नीलम देवी, गुरमैन देवी सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



# टॉक्सिक से जुड़ने की खबरों का तारा ने खंडन किया

साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं, जो फिल्म की कहानी और उनके कलाकार से जुड़ी हुई हैं। फिल्म की कास्ट अब तक पूरी तरह से तय नहीं हुई है, ऐसे में फिल्म में शामिल हो रहे कलाकारों के बारे में जानकारियां फैंस का उत्साह बढ़ा रही हैं। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है, तब से कई अभिनेत्रियों का नाम इस फिल्म से जुड़ चुका है। हाल ही में तारा सुतारिया की फिल्म में शामिल होने की खबर तेजी से फैल रही थीं, अब इस पर अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़ी है। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि तारा सुतारिया फिल्म टॉक्सिक में यश की दूसरी प्रेमिका के किरदार में नजर आएंगी। वहीं अब इस किरदार को निभाने की अफवाह के बीच तारा ने क्रिप्टिक नोट साझा किया है। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए तारा ने इंस्टाग्राम पर एक गुप्त नोट लिखा। नोट में उन्होंने लिखा कि पिछले कुछ दिनों में एक प्रोजेक्ट और उनके बारे में प्रकाशित सभी लेख सच नहीं हैं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तारा ने लिखा, सभी को नमस्कार, पिछले कुछ दिनों में एक प्रोजेक्ट और मेरे बारे में जो लेख जारी किए गए हैं, वे झूठे हैं और मैंने उन्हें साझा नहीं किया है। अभिनेत्री ने कहा, जब भी साझा करने के लिए कुछ होगा, मैं इसे आप सभी के साथ साझा करूंगी। मेरा प्यार हमेशा। कोई भी किसी से पीछे नहीं है। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म के नाम का खुलासा नहीं किया। दरअसल, वायरल खबरों में कहा गया था कि टॉक्सिक में तारा, यश की दो प्रेमिकाओं में से एक के रूप में नजर आएंगी, दूसरी प्रेमिका कियारा आडवाणी होंगी। हालांकि, अब तारा ने इन अफवाहों का खंडन किया है। वहीं कथित तौर पर बहुभाषी और बड़े बजट की इस फिल्म में नयनतारा भी यश की बहन की भूमिका में होंगी और हुमा कुरैशी नकारात्मक किरदार में होंगी। ड्रग माफिया की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में यश एक गैंगस्टर की भूमिका में होंगे।





# तमन्ना से लेकर नोरा फतेही ने फिल्मों में किया है आइटम सॉन्ग पर डांस चार्ज करती हैं करोड़ों

बॉलीवुड फिल्मों में एक्शन, थ्रिलर, हॉरर और सस्पेंस भरपूर होता है, लेकिन अगर फिल्म में एक आइटम सॉन्ग हो तो वह उस फिल्म की पॉपुलैरिटी बढ़ा देता है। इसके साथ ही उस फिल्म का क्रेज लोगों के बीच कुछ ज्यादा ही बढ़ जाता है। आइए आज आपको बताते हैं कि बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के बारे में जिन्हेंने अपने हॉट डांस मूव्स से आइटम नंबर को पॉपुलर बनाया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये अभिनेत्रियां एक आइटम सॉन्ग पर डांस करने के लिए कितनी मोटी रकम वसूल करती हैं अगर नहीं तो जानिए इस रिपोर्ट में। तमन्ना भाटिया इन दिनों आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में तमन्ना ने आज की रात नाम का एक आइटम सॉन्ग किया है, जिसमें उन्होंने अपने जबर्दस्त डांस मूव्स से सोशल मीडिया में आग लगा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तमन्ना एक आइटम सॉन्ग के लिए एक करोड़ रुपए वसूल करती हैं। सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही डीके द्वारा निर्देशित आगामी पीरियड फैंटेसी थ्रिलर रक्त ब्रह्मांड का हिस्सा बनने वाले हैं। इस सीरीज में अली फजल के साथ सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आएगी। पहली बार अली फजल, सामंथा के साथ काम करेंगे। ये तो हो गई वर्कफ्रंट की बात। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा ने पुष्पा के गाने ऊ अंटावा के लिए पांच करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

नोरा फतेही अभिनय से ज्यादा अपने डांस मूव्स के लिए ज्यादा प्रसिद्ध हैं। नोरा ने एक नहीं बल्कि कई फिल्मों में आइटम सॉन्ग किए हैं। उनका दिलबर सॉन्ग लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने में नोरा की जमकर तारीफ हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोरा एक गाने पर डांस करने के लिए पूरे 2 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। सनी लियोनी ने इंडस्ट्री को कई पॉपुलर आइटम नंबर दिए हैं, जिनमें बेबी डॉल, देसी लुक और लैला मैं लैला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब सनी ने फिल्मों में आइटम नंबर करना शुरू किया था तब वह एक गाने के महज 25 लाख रुपये चार्ज करती थीं, लेकिन अब उन्होंने अपनी फीस बढ़ा दी है और अब सनी एक आइटम नंबर को करने के लिए दो करोड़ रुपये चार्च करती हैं।




# कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैंने टेलीविजन छोड़ दिया

टेलीविजन इंडस्ट्री में लंबे समय के बाद वापसी करने वाली एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कहा कि भले ही वह कुछ समय से टेलीविजन से दूर थीं, लेकिन उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ। बरखा ने कहा कि टेलीविजन मेरे लिए हमेशा से ही घर जैसा रहा है। यह एक ऐसी जगह है जहां मैं सही मायनों में अपने दर्शकों से सही से जुड़ सकती हूं। साथ ही अपने किरदारों को जीवंत कर सकती हूं। भले ही मैं कुछ समय टेलीविजन से दूर रही हूं, लेकिन मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैंने टेलीविजन छोड़ दिया है। वर्तमान में एक्ट्रेस पारिवारिक ड्रामा मेरा बालम थानेदार में अभिनय कर रही हैं, जिसमें वह मीठी माई की भूमिका निभा रही हैं। पारिवारिक ड्रामा मेरा बालम थानेदार में अपनी भूमिका के बारे में बरखा ने बताया, मीठी माई का किरदार निभाना एक बहुत ही संतोषजनक और समृद्ध अनुभव रहा है। अपने इस किरदार के प्रति मेरा एक खास दृष्टिकोण है। यह यात्रा प्यार, चुनौतियों और अविश्वसनीय क्षणों से भरी हुई है, जिन्हें मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका किरदार बुलबुल और वीर (श्रुति चौधरी और शगुन पांडे द्वारा अभिनीत) के जीवन में कई उतार-चढ़ाव लाएगा। उन्होंने आगे बताया, मुझे लगता है कि ये उतार-चढ़ाव दर्शकों को शो से जोड़े रखते हैं। इस भूमिका ने मुझे न केवल अपने अभिनय के नए पहलुओं को तलाशने का मौका दिया है, बल्कि दर्शकों के दिलों में जगह बनाने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि वह अपने दर्शकों के अटूट समर्थन और स्नेह के लिए बेहद आभारी हैं, जो उन्हें हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं। शो मेरा बालम थानेदार कलर्स पर प्रसारित होता है।

# सनातन धर्म में अटूट विश्वास रखते हैं रणबीर कपूर



बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म रामायण को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। नितेश कुमार की ये फिल्म शुरुआत से सुर्खियों में छाई हुई है। इस फिल्म में अभिनेता को भगवान राम की भूमिका में देखा जाएगा। हाल ही में रणबीर कपूर ने भगवान के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। रणबीर ने एक बातचीत के दौरान अपने पिता के भगवान के साथ रिश्ते के बारे में भी खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि उनके पिता बहुत धार्मिक थे। रणबीर कपूर ने एक बातचीत में कहा, मेरे पिता बहुत धार्मिक थे। मेरी मां मेरे पिता से थोड़ी कम धार्मिक हैं, लेकिन इससे उन्हें खुशी मिलती, इसलिए वह ऐसा करती थीं। हमने उनके बच्चें होने नाते उन्हें देखा, जैसा कि आपने कहा कि बच्चे अपने माता-पिता को देखते हैं और उन्हे फॉलो करने की कोशिश करते हैं। इसलिए मुझमें भगवान के बारे में अच्छी भावना है। नितेश तिवारी की रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने के लिए रणबीर कपूर पूरी तरह तैयार हैं।




# यश की टॉक्सिक का प्रदर्शन टला, अक्षय को होगा फायदा

अक्षय कुमार और अरशद वारसी फिर से धमाल मचाने आ रहे हैं। दोनों को साथ पर्दे पर देखने के लिए फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं। इसके साथ ही साउथ स्टार यश की फिल्म पोस्टपोन होने की खबर भी सामने आ रही है। इसका सीधा फायदा अक्षय कुमार को भी मिल सकता है। ऐसे में अक्षय के सामने से एक बड़ा मुकाबला हट सकता है। साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के तय समय पर रिलीज ना होने की वजह से अक्षय कुमार की किस्मत फिर से चमकने के भी कयास लगाए जा रहे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय और अरशद की ये मोस्ट अवेटेड फिल्म 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है। इसी डेट पर साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' भी दर्शकों को एंटरटेन करने आ रही थी। लेकिन अब सामने आई खबरों के मुताबिक ये फिल्म अपने तय समय पर रिलीज नहीं होगी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी फीमेल लीड हैं। अब इसी डेट पर 'जॉली एलएलबी 3' रिलीज होगी, हालांकि, इस पर अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से ये बात भी सामने आई है कि पहले ये फिल्म 2025 में रिलीज होने वाली थी। लेकिन अगर फिल्म सच में 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होती है, तो फिल्म को इसका बड़ा फायदा हो सकता है. क्योंकि इसके बाद आने वाले तीन दिनों तक महावीर जयंती और अंबेडकर जयंती की छुट्टी होने वाली है. ऐसे में सिनेमाघरों में दर्शकों के आने के ज्यादा चांस बनते हैं और फिल्म की अच्छी कमाई होने की संभावना भी काफी बढ़ जाती है। 'जॉली एलएलबी 3' से पहले इसके दोनों पार्ट पर भी दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया था। साल 2013 में आई पहली फिल्म पर लोगों ने खूब प्यार लुटाया था। इसके बाद दूसरे पार्ट को भी अच्छी सफलता मिली थी। अब तीसरे पार्ट को लेकर भी दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं।





# करण जौहर ने बंद की सलमान खान की द बुल और कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म

**2023 में कार्तिक आर्यन ने घोषणा की थी कि वह पहली बार करण जौहर और एकता कपूर के साथ एक महाकाव्य युद्ध फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस घोषणा ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी क्योंकि इसने दोस्ताना की शूटिंग के बीच सार्वजनिक रूप से हुए मतभेद के बाद कार्तिक और करण के बीच सुलह का संकेत दिया।**

इस फिल्म का निर्देशन संदीप मोदी द्वारा किया जाना था और इस साल अक्टूबर में फ्लोर पर आने की उम्मीद थी। सिने गलियारों में बहती बारिश की ठंडी फुहारों ने बताया है कि करण जौहर ने कार्तिक आर्यन के साथ अपनी अगली फिल्म को रोक दिया है। कहा जा रहा है कि युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी देशभक्ति फिल्मों की भरमार है। करण ने योद्धा के बाद बाजार के रुझान को पहचान लिया है और संदीप मोदी और कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म को रोक दिया है। इतना ही नहीं, करण ने अपनी एक और फिल्म को रोक दिया है। द बुल के नाम से बन रही फिल्म में उनके साथ पहली बार सलमान खान नजर आने वाले थे। इस फिल्म का निर्देशन शेरशाह निर्देशित करने वाले विष्णुवर्धन करने जा रहे थे। फिल्म के लिए सलमान खान ने ट्रेनिंग भी पूरी कर ली थी। अब इस फिल्म को भी पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि आधिकारिक तौर पर सलमान खान और करण जौहर भविष्य में एक साथ काम करने के वादे को लेकर आगे बढ़ गए हैं। करण अब 2025 और 2026 के लिए धर्मा प्रोडक्शंस के लिए लाइनअप बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

# प्रभास की नई फिल्म का है सुभाष चंद्र बोस से कनेक्शन, सैनिक के रोल में आएंगे नजर

कल्कि 2898 एडी की शानदार सफलता के बाद अब अभिनेता प्रभास अपनी नई फिल्मों की तैयारी में जुटने वाले हैं। प्रभास के प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर बनाए हुए है। खबर है कि उनकी नई फिल्म की घोषणा 22 अगस्त को होने वाली है, लेकिन उससे पहले ही फिल्म की कहानी पर एक अपडेट सामने आया है। अगले महीने जिस फिल्म का एलान किया जाएगा, उसका निर्देशन हनु राघवपुडी करेंगे, जो इससे पहले दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर के साथ सीता रामम बना चुके हैं। यह फिल्म एक पीरियड रोमांटिक ड्रामा होगी। ऐसे में जाहिर है कि फिल्म में पुराने समय की कहानी देखने को मिलेगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ताजा अपडेट है कि प्रभास की यह फिल्म स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के समय पर आधारित है, जिसमें दर्शक प्रभास को एक सैनिक के किरदार में देखेंगे। जैसा कि हम जानते हैं कि सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। फिल्म में प्रभास इसी आजाद हिंद फौज के एक सदस्य के रूप में दिखाई देंगे। हनु राघवपुडी द्वारा निर्देशित सीता रामम भी पीरियड रोमांटिक ड्रामा थी। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था और अब वो एक और ऐसी ही फिल्म लेकर आ रहे हैं। देखना होगा कि क्या वो फिर से सीता रामम जैसा जादू बिखेर पाएंगे। 25 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 94.28 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। प्रभास की इस फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### चाकू से भीड़ पर हमले में कई बच्चों समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल, हमलावर गिरफ्तार




**लंदन।** इंग्लैंड में भीड़ पर एक व्यक्ति ने चाकू से कई लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में बच्चों समेत 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि इस मामले में लिवरपूल के पास साउथपोर्ट में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान आरोपित और उसके पास से चाकू भी जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक, इस हमले में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। वहीं, इस हादसे के बाद स्थानीय व्यवसायी कोलिन पैरी ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी थी, उन्होंने कहा कि हमलावर ने कई युवा लड़कियों को भी चाकू मारा है। एक अन्य स्थानीय ने बताया कि उन्होंने 7 से 10 बच्चों को देखा जो गंभीर रूप से घायल थे और उनका खून बह रहा था। उन्होंने आगे बताया कि सभी को चाकू मारा गया है।

### केरल राज्य में भूस्खलन से हुई हानि पर पीड़ितों की मदद करे सरकार : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को केरल राज्य में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण हुई जान-माल की भारी हानि पर अपना दुख प्रकट किया है। उन्होंने सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मायावती ने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि केरल राज्य के वायनाड में जबरदस्त बारिश के फलस्वरूप भूस्खलन आदि के कारण हुई जान-माल की भारी हानि अति-दुखद। सभी पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना तथा केन्द्र व राज्य सरकार से उन्हें हर प्रकार की मदद तत्काल उपलब्ध कराने की अपील। पड़ोसी राज्य भी अगर मदद को आगे आएं तो बेहतर।

### लापरवाही बरतने पर छह पुलिसकर्मी निलंबित

**बिजनौर।** जजी परिसर में गेट नंबर दो के सामने एक महिला से बदमाशों द्वारा चेन स्नैचिंग की घटना होने पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष झा ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने जजी परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर निलंबित करते हुए जल्द लूट की घटना का खुलासा किए जाने के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी की पत्नी सुमन सिंह सोमवार की सवेरे टहलने के लिए घर से निकली थी। घर से कुछ दूर पहुंचने पर बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मार गले की चेन तोड़ कर भाग निकले थे। लूट की घटना में पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। दिन दहाड़े हुई इस घटना से नाराज पुलिस अधीक्षक ने छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर सख्त रूख अपनाया है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा की गई प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट को आधार मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की है।

### कैलिफोर्निया में भूकंप से कांपी धरती, लॉस एंजिल्स तक रहा असर

**सैक्रामेंटो।** संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में सोमवार को शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का असर लॉस एंजिल्स तक दिखा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.9 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र बैरस्टो के पास बताया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के भूगर्भ सर्वेक्षण के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब एक बजे भूकंप के झटके आने शुरू हुए। इसका केंद्र जमीन से पांच मील नीचे था। भूकंप का असर सैन बर्नार्डिगो काउंटी के अलावा लॉस एंजिल्स, केर्न, रिवरसाइड और ऑरेंज काउंटी में दिखा। इन स्थानों में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 और 2.7 मापी गई।

### लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़, मुख्य सरगना समेत चार गिरफ्तार

**आगरा।** जनपद में कमला नगर थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीमों ने व्यापारी से लूट के बाद फरार मुख्य सरगना को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। निशानदेही पर पुलिस ने गिरोह के तीन अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एक व्यापारी से लूट की वारदात को अंजाम देकर लुटेरें भाग निकले थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगी थी। सोमवार की रात को कमला नगर थाना पुलिस, एसओजी सीटी और सर्विलांस टीम को लूटकांड की घटना में शामिल बदमाशों के इलाके से भागने की सूचना मिली। इस पर पुलिस की संयुक्त टीमों ने सटीक जानकारी पर लूट की घटना का मुख्य सरगना सौरभ को घेर लिया।

#### यूपी विधानसभा मानसून सत्र का दूसरा दिन सदन की कार्यवाही शुरू

# सपा के लोग महिलाओं के लिए खुद खतरा: सीएम योगी

- महिलाओं के खिलाफ अपराध में सपा कहीं न कहीं शामिल रहते हैं
- सपा के लोग खुद महिलाओं के लिए खतरा हैं



**लखनऊ। एजेंसी**

उप्र विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई। प्रश्नकाल के दौरान सपा की सदस्य डॉ रागिनी सोनकर ने महिलाओं व बच्चों के प्रति बढ़ रहे अपराध को लेकर सवाल उठाया।

इस पर नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवाब देते हुए कहा कि 2016 की तुलना दहेज की घटना 23-24 में 17.5 फीसद कमी आई है। बलात्कार में 25.30 फीसद की कमी है। लेकिन 17 से 2024 में देखे तो महिला एवं बाल उत्पीड़न 24402 अभुयुक्त को सजा दिलाई गई। 2022 2024 के मध्य 16718 को सजा दी गयी। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले की सरकारें उतनी संवेदनशील नहीं थीं। अब पोर्टल को एक्टिव किया गया।

महिला से जुड़े मामलों में पेंडिंग मामले को सुलझाने में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है। यह सरकार महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है। एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन इसका प्रमाण है। जब गठन किया तो सपा ने ही सबसे ज्यादा विरोध किया। महिलाओं के खिलाफ अपराध में सपा कहीं न कहीं शामिल रहते हैं। सपा के लोग खुद महिलाओं के लिए खतरा हैं। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के सवाल पर सीएम योगी ने कहा कि पहले तो नेता प्रतिपक्ष के पद पर चयन के लिए बधाई। चुटकी लेते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने चाचा को गच्चा दे ही दिया। सीएम की इस बात पर पूरा सदन हंस पड़ा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 12:30 बजे योगी सरकार का अनुपूरक बजट पेश करेंगे। इससे पहले सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई है।

# बजट में वंचितों को वरीयता : विनोद तावड़े




**सूरत। एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने मंगलवार को सूरत के एक होटल में केन्द्र सरकार के बजट की खासियत गिनाई। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के बजट में वंचितों को वरीयता दी गई है। इसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र के लोगों का खास ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना इसका उदाहरण है, जिसमें शहरी गरीब लोगों के लिए 3 करोड़ आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है। तावड़े ने कहा कि शहरी क्षेत्र में दिहाड़ी कमाने वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत की जाएगी। इसके तहत शहरों में हर सप्ताह 100 हाट तैयार किए जाएंगे। लोगों को ऋण की सुविधा दी जाएगी, जिससे उनका कारोबार बढ़े। विश्वकर्मा योजना के तहत भी ऐसे लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। युवाओं के लिए स्टार्टअप को प्रोत्साहन दिया गया है। देश में 1,17257 स्टार्टअप शुरू हुए हैं। बजट में इसमें बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है, जिससे नौकरी देने वाले युवकों की संख्या बढ़ेगी।

यूपीए की सरकार से तुलना करते हुए उन्होंने आंकड़ों के जरिए बताया कि किस तरह एनडीए सरकार ने बजट में राशि बढ़ा कर सभी क्षेत्र का विकास किया है।

### बस की टक्कर से दादा-पोते की मौत

**झुंझुनू।** झुंझुनू जिले के सिंघाना इलाके में मंगलवार सुबह एक बस की टक्कर से बाइक सवार दादा और पोते की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पोती गंभीर रूप से घायल है। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दादा अपने पोता-पोती को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद बस पलट गई। पुलिस के अनुसार रायपुर जाटान गांव के रहने वाले रिटायर हवलदार सत्यवीर सिंह (60) पुत्र शोभ सिंह अपनी पोती शिक्षा (10) और पोते प्रवेश (6) को सुबह बाइक पर लेकर गांव से निकले थे। 5 किलोमीटर दूर वे बच्चों को घरडाना स्थित प्राइवेट स्कूल छोड़ने जा रहे थे। घरडाना स्कूल से 1 किलोमीटर पहले ही हादसा हो गया। सिंघाना के सामुदायिक अस्पताल के प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सैनी ने बताया कि सत्यवीर सिंह व प्रवेश को सिंघाना के राजकीय अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घायल बालिका शिक्षा को चिड़ावा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसें जयपुर रेफर किया गया है।

## यूक्रेन और रूस के साथ भारत और बढ़ाएगा संपर्क : एस जयशंकर

**तोक्यो। एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले माह यूक्रेन यात्रा की संभावना से पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत आगामी भविष्य में यूक्रेन और रूस के साथ संपर्क और अधिक बढ़ाएगा क्योंकि दोनों पक्षों से बातचीत करने वाले देशों का इस तरह का संपर्क उनके बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जयशंकर ने कहा कि भारत का मानना है कि संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलेगा। विदेश मंत्री ने जापान के राष्ट्रीय प्रेस क्लब में एक चर्चा सत्र के दौरान कहा, हम मानते हैं कि हमें रूस और यूक्रेन में अधिक सक्रिय होना चाहिए। जयशंकर जापान के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। अगले महीने मोदी की संभावित कीव यात्रा की खबरों पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, मैं उम्मीद कर सकता हूं कि हमारे और यूक्रेन के बीच तथा हमारे और रूस के बीच भी और अधिक संपर्क होंगे। विदेश मंत्री ने कोई विशिष्ट उत्तर देने से इनकार करते हुए कहा, हम, किसी भी सरकार की तरह, सही समय पर सही माध्यमों से अपनी स्थिति स्पष्ट करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, आज हमारी भावना यह है कि और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है और हमें संघर्ष की मौजूदा स्थिति जारी रहने को स्वीकार नहीं कर लेना चाहिए तथा यह नहीं कहना चाहिए कि ह्यइसे अपने हिसाब से चलने दें और हमें विश्व के अन्य भागों में होने वाली घटनाओं का इंतजार करना चाहिए ताकि किसी प्रकार का समाधान निकाला जा सके।

जयशंकर ने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह उन देशों के लिए महत्वपूर्ण है जो रूस और यूक्रेन दोनों के संपर्क में हैं, क्योंकि बहुत से देश वास्तव में दोनों पक्षों से बात नहीं कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत का मानना है कि यह महत्वपूर्ण है कि हर कोई वह सब कुछ करे जो वह कर सकता है।

## सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखे हिमाचल सरकार : शान्ता

**शिमला। एजेंसी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि यह जानकर बहुत हैरानी हुई और दुख भी हुआ कि हिमाचल सरकार सर्वोच्च न्यायालय में शानन परियोजना के सम्बंध में अपना पक्ष रखने में विलम्ब कर रही है। सर्वौच्च न्यायालय में कल इस विषय पर पंजाब सरकार ने हिमाचल को अपना पक्ष रखने के लिए और समय देने का विरोध किया। सर्वोच्च न्यायालय पहले ही केन्द्र और हिमाचल सरकार को तीन महीने का समय दे चुका था। शान्ता कुमार ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मैंने बहुत पहले इस सम्बंध में हिमाचल सरकार को कहा था कि पुंजाब पुर्नगठन अधिनियम के अनुसार शानन परियोजना पर हिमाचल प्रदेश का अधिकार है। मैंने मांग की थी कि इस विषय पर हिमाचल सरकार, केन्द्र सरकार और न्यायालय में अपना पक्ष रखें। कानूनी तौर पर शासन परियोजना के मालिक हिमाचल सरकार ने यह मामला न तो केन्द्र सरकार से उठाया और न ही सर्वोच्च न्यायालय में गई। इसके विपरित गैर कानूनी तरीके से शानन परियोजना पर अधिकार जमाये बैठी पंजाब सरकार सर्वोच्च न्यायालय में गई। सर्वोच्च न्यायालय में जब हिमाचल सरकार को अपना पक्ष रखने के लिए 8 अप्रैल को तीन महीने का समय दिया तो तीन महीने बीत जाने के बाद भी हिमाचल सरकार ने अपना पक्ष नही रखा।

## लव जिहाद अध्यादेश किसी एक धर्म के लिए नहीं, विपक्ष कर रहा राजनीति : मोहसिन

- भाजपा सबका साथ सबका विकास की राजनीति में विश्वास करता है
- पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने कहा कि विपक्ष के साथियों को हर चीज में धर्म नजर आता है

**लखनऊ। एजेंसी**



उप्र सरकार द्वारा लव जिहाद पर लाए गए अध्यादेश को लेकर पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री, मुस्लिम वक्फ और हज मोहसिन रजा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस अध्यादेश को बेटियों के साथ होने वाले अत्याचार को रोकने वाला बताया। विपक्ष पर हमला बोलते हुए पूर्व मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण ने धर्म के नाम पर राजनीति करने वाला करार दिया है। उन्होंने इसे सर्व धर्म से जुड़ा अध्यादेश बताया है।

पूर्व मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मोहसिन रजा ने एक वीडियो जारी कर लव जिहाद पर आए अध्यादेश को लेकर मंगलवार कहा कि पूर्व में लव जिहाद के बहुत अधिक मामले आया करते थे। योगी सरकार ने जब इस पर एजेंसियों से जांच कराई तो पाया कि लोगों का अवैध रूप से धर्मांतरण कराया जा रहा है, उन पर भी कार्रवाईयां हुई हैं। इस पर योगी सरकार द्वारा लाया जा रहा अध्यादेश किसी एक धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह सर्व (सभी) धर्म के लिए है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी हो, आपकी बेटी हो या किसी की भी बेटी हो उसका नाम परिवर्तन करके या बहला फुसला कर शादी करने के बाद उसका जीवन बर्बाद करें, उसे छोड़ दें, ऐसे लोगों से निपटने वाला बताया है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानून लागू हो इसकी मोहसिन रजा ने पुरजोर हिमायत की है। उन्होंने साफ कहा कि अगर ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं करेंगे, सख्त कानून नहीं बनाएंगे तो ऐसी घटनाएं (धर्मांतरण, मतांतरण, लव जिहाद) को रोक पाना मुश्किल होगा।

पूर्व मंत्री ने मोहसिन रजा ने कहा कि विपक्ष (सपा–कांग्रेस) के साथियों को हर चीज में धर्म नजर आता है और इसमें ही उनका फायदा है। क्योंकि वो इसी तरह की राजनीति करते हैं लेकिन हम (भाजपा) सबका साथ सबका विकास की राजनीति में विश्वास करते हैं।

## मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय परिवहन राज्य मंत्री से की भेंट

**देहरादून। एजेंसी**



कृषि व ग्रामीण विकास विकास मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली स्थित ट्रांसपोर्ट भवन में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा से भेंट की। इस दौरान मसूरी टनल निर्माण और किमाड़ी मोटर मार्ग के निर्माण का अनुरोध किया।

इस मौके पर मंत्री जोशी ने मसूरी टनल परियोजना के संबंध मे चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मसूरी टनल का नवीन संरक्षण के साथ डीपीआर गठित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। मसूरी टनल निर्माण के बाद देहरादून मसूरी मार्ग पर जाम की स्थिति नहीं रहेगी। इसके निर्माण के बाद स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी लाभ होगा। चारधाम यात्रा के दौरान गंगोत्री और यमुनोत्री जाने वाले तीर्थ यात्रियों को भी सहूलियत होगी। इसके अतिरिक्त देहरादून से किमाड़ी होकर हाथीपांव मसूरी जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण का अनुरोध भी किया। उन्होंने बताया कि देहरादून मसूरी मार्ग पर जाम होने के कारण इस मार्ग को बाईपास के तौर पर प्रयोग किया जाता है। कैबिनेट मंत्री ने किमाड़ी-मसूरी सड़क की महत्ता को देखते हुए केंद्रीय सड़क निधि के माध्यम से इस सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीआरएफ मद (केंद्रीय सड़क निधि) के माध्यम से प्रस्ताव भेजने पर अप्रूवल दिया।

### बोलेरो को तेल टैंकर ने पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

**जोधपुर।** निकटवर्ती झंवर स्थित धवा गांव के पास में बोलेरो को पीछे से आ रहे एक तेल टैंकर चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में एक बुजुर्ग की मौत होने के साथ चार लोग घायल हो गए। इनमें दो महिलाएं भी शामिल है। सभी लोग रिश्तेदारी में निधन पर बैठने के लिए गए थे। झंवर पुलिस ने तेल टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। झंवर थाने के एएसआई भीमसिंह ने बताया कि लूणी तहसील के सेनाई गांव के परिवार के लोग 80 साल के मालमसिंह पुत्र मगसिंह और साथ में सायर कंवर, गुलाब कंवर, उदयसिंह एवं भवानीसिंह बोलेरो लेकर गेलावास गांव में रिश्तेदारी में निधन पर बैठने गए थे। यह लोग वापिस वहां से रवाना होकर अपने गांव जा रहे थे। तब गेलावास गांव के समीप एक तेल टैंकर चालक ने उनकी बोलेरो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि सभी लोग बोलेरो में फंस गए। बाद में तेल टैंकर के चालक ने ही उन्हें मदद करते हुए अस्पताल के लिए रवाना किया था। मगर बाद में वह फरार हो गया। एएसआई भीमसिंह ने बताया कि हादसे में 80 साल के मालमसिंह पुत्र मगसिंह की मौत हो गई।

**शुभारंभ** खेल मंत्री ने मंगलवार को 75वें परिक्षेत्र स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ किया

# पौधे लगाने के साथ पौधों का संरक्षण भी जरूरी : यादविंदर

- शीघ्र ही जयसिंहपुर से दिल्ली तक वॉल्वो बस आरम्भ की जायेगी
- जयसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र में सड़क और बस नेटवर्क को सुदृढ करना प्राथमिकता है

**धर्मशाला। एजेंसी**




आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने मंगलवार को 75वें परिक्षेत्र स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर ग्राम पंचायत अपर लंबागांव के मनयाड में अर्जुन का पौधा रोपित किया। खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपित कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में हरित आवरण को बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना आरम्भ की है। इस योजना में ऐसे क्षेत्रों को चयन किया गया है जिसमें वन नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पालमपुर वन मंडल के अंतर्गत मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना में 12 हेक्टर क्षेत्र को हरा भरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पालमपुर वन मंडल के अंतर्गत इस सीजन में एक लाख 24 हजार विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने वन विभाग और लोगों से आग्रह किया कि पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ों का संरक्षण भी जरूरी है। ताकि नयें जंगल लगाने के साथ पुराने जंगलों को भी बचाया जा सके। इसके उपरांत आयुष मंत्री ने गौअभ्यारण कांगेहण दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये।

**जयसिंहपुर से दिल्ली के लिए चलेगी वॉल्वो बस**

हिमाचल पथ परिवहन निगम ने दिल्ली से जयसिंहपुर तक वॉल्वो बस सेवा का सफल ट्रायल किया गया। आयुष मंत्री ने लंबागांव से काथला (हारसी पत्तन) तक बस में सफर किया और परिवहन निगम को सफल ट्रायल की बधाई दी। गोमा ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की दिल्ली तक वॉल्वो बस की वर्षों पुरानी मांग थी। जिसे पूरा करने के आज सरकारी अधिकारियों के साथ बस का सफल ट्रायल सम्भव हुआ है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जयसिंहपुर से दिल्ली तक वॉल्वो बस आरम्भ की जायेगी ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र में सड़क और बस नेटवर्क को सुदृढ करना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसके उपरांत मंत्री ने जयसिंहपुर बस डिपो, बस स्टैंड और वर्कशॉप के कार्यस्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वर्कशॉप एवं अन्य कार्य आरम्भ किया जायेगा।

## सुक्खू सरकार के कुप्रबंधन के चलते बंद हुई हिम केयर योजना : विपिन

**धर्मशाला। एजेंसी**



प्रदेश के निजी अस्पतालों में हिम केयर योजना को बंद किए जाने पर पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं सुलह से भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश व जनविरोधी सरकार साबित हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कुप्रबंधन के चलते निजी अस्पतालों में हिम केयर योजना बंद की है। सुक्खू सरकार ने जनहित के खिलाफ एक और तुगलकी फरमान जारी किया है, जिससे अस्पताल में इलाज करवाने वाले मरीजों पर दोहरी मार पड़ी है।

मंगलवार को जारी एक प्रेस बयान में विपिन सिंह परमार ने कहा कि भाजपा के अच्छे कामों पर तालाबंदी कर सुक्खू सरकार जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है। साल 2019 में भाजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान में हिमाचल में आयुष्मान भारत योजना से छूट गए लोगों को कैशलेस इलाज देने के लिए हिमकेयर योजना को शुरू किया था जिस से प्रदेश के लाखों लोगों को लाभ मिल रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### एसए-20 : प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच नियुक्त हुए जोनाथन ट्रॉट




**नई दिल्ली।** जोनाथन ट्रॉट को आगामी एसए-20 सीजन के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, जो ग्राहम फोर्ड की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले महीने यह पद खाली कर दिया था। वर्तमान में, ट्रॉट अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच हैं, यह पद उन्होंने 2022 से संभाला है। जनवरी में नवीनीकृत उनका अनुबंध 2024 के अंत तक चलने वाला है। हालांकि, यह अनिश्चित है कि 43 वर्षीय खिलाड़ी उस अवधि के बाद भी इस पद पर बने रहेंगे या नहीं। एसए20 लीग जनवरी 2025 में होगी, जो उनके वर्तमान अंतरराष्ट्रीय कर्तव्यों से टकराव नहीं करती है। इसके बावजूद, इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि ट्रॉट अफगानिस्तान के साथ अपना अनुबंध बढ़ाएंगे या नहीं, जो दिसंबर में समाप्त होने वाला है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार,रिकी पोंटिंग के साथ अलग होने के बाद कैपिटल्स में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं। जिससे दिल्ली फ्रैंचाइज के साथ उनका सात साल का कार्यकाल समाप्त हो गया है। ग्राहम फोर्ड को रिलीज करने का प्रिटोरिया का फैसला एक चुनौतीपूर्ण दूसरे सीजन के बाद आया जिसमें उन्होंने केवल तीन जीत हासिल की और पांचवें स्थान पर रहे। यह 2023 में उनके डेब्यू सीजन से बिल्कुल अलग था।

### फीफा मानक फुटबॉल मैदान का उद्घाटन



**कोकराझार (असम)।** बीटीआर के मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रमोद बोडो ने सोमवार देर शाम को भारतीय सेना के अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कोकराझार के एसएआई स्टेडियम में नए उन्नत सैंड बेस्ड एडवांस फीफा मानक फुटबॉल मैदान का औपचारिक उद्घाटन किया। एसएआई स्टेडियम को आधुनिक तकनीकों से सजाया गया है, जो बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में स्वस्थ खेल आयोजनों के निर्माण पर जोर दे रहा है। कोकराझार का एसएआई स्टेडियम 133वें संस्करण के डूरंड कप, 2024 की मेजबानी के लिए तैयार है, जो आज से कोकराझार में शुरू होने वाला है। डूरंड कप के उद्घाटन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और तैयारी पूरी कर ली गई हैं, जिसमें पूरे स्टेडियम में सुरक्षा और कुछ अन्य उपकरणों की तैनाती शामिल है।

### एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय रांची जिला इंटर स्कूल कैरम टूर्नामेंट का आयोजन

**रांची।** एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को रांची जिला इंटर कैरम टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता जिला कैरम एसोसिएशन, रांची कैरम अकादमी के नेतृत्व में स्कूली छात्रों के बीच फोकस, सटीकता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए कराई गई। जिसमें प्रमुख रूप से कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रातू,कैंब्रियन पब्लिक स्कूल बिजुपाड़ा, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली ,क्लोनी कान्वेंट स्कूल, एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल, केराली स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में केराली स्कूल के प्राचार्य राजेश पिल्लई,जिला कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष आतिश कुमार सिंह,सचिव अशोक कुमार डे,स्कूल के सचिव अनुज हेंब्रम,निर्देशक कुणाल कश्यप और प्राचार्य शादान आलम उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल का एक अहम रोल रहता है। निर्देशक कुणाल कश्यप ने बताया कि खेल भावना से बच्चे समाज को देश को एकजुटता में बांधने का काम करते है। प्राचार्य शादान आलम ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से छात्रों में एकाग्रता, नेतृत्व, सटीकता और प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है।

# ओलंपिक में शामिल नहीं होने पर श्रीशंकर ने कहा- मैं पेरिस मिस कर रहा हूं

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारत के शीर्ष लंबी कूद एथलीट और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मुरली श्रीशंकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 से चूकने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर रहने वाले श्रीशंकर को पिछले महीने अपने गृहनगर पलक्कड़ में प्रशिक्षण के दौरान बाएं घुटने में चोट लग गई थी। कई परामर्शों और परीक्षणों के बाद उन्होंने सर्जरी का विकल्प चुना, इसलिए उन्होंने खुद को इस प्रतिष्ठित बहु-खेल प्रतियोगिता से बाहर कर लिया। चोट लगने के बाद 25 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सप्ताह दोहा, कतर में घुटने की सफल सर्जरी कराई, जिसके कारण वह चल रहे मेगा इवेंट से बाहर हो गए। जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 के ओलंपिक विशेषज्ञ मुरली श्रीशंकर ने एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा, ?मुझे ओलंपिक के लिए पेरिस में होने की याद आती है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन मेरे पास खुद को मानसिक रूप से मजबूत रखने और अगले ओलंपिक के लिए वापस आने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है, जो लॉस एंजिल्स में है। एक प्रशंसक के रूप में, मैं उन भारतीय एथलीटों का उत्साह बढ़ाऊंगा पर जो पेरिस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। एथलेटिक्स जल्द ही ओलंपिक में शुरू होने वाला है, मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अगस्त के दौरान एक्शन में होंगे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के क्वालीफायर 6 अगस्त को होंगे और फाइनल दो दिन बाद होगा। चोपड़ा के अलावा, अविनाश साबले (पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज), तजिंदरपाल सिंह तूर (पुरुष शॉट पुट), पारुल चौधरी (महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज), ज्योति याराजी (महिला 100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (महिला भाला फेंक) और अन्य एथलीट ओलंपिक में शामिल होंगे। श्रीशंकर का मानना है कि भारत इस बार एथलेटिक्स में एक से अधिक पदक जीत सकता है।

इसके अलावा, एथलीट ने भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के बारे में बात की। उनका मानना है कि चोपड़ा पदक के दावेदार हैं और इस बार वह अपना स्वर्ण पदक बचाने उतरेंगे। उन्होंने कहा चोपड़ा एक मजबूत पदक दावेदार हैं और वह अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक का बचाव करने जा रहे हैं। अविनाश साबले जैसे अन्य एथलीटों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, और लंबी और ट्रिपल जंप में भी। अगर चीजें अच्छी रहीं, तो मैं हूं। निश्चित रूप से हम पेरिस से कुछ आश्चर्य देखेंगे, जैसे स्टीपलचेज में, और 4७400 रिले इवेंट भी देखना रोमांचक होगा, अगर सब कुछ सही रहा, तो हमारे एथलीट सिर्फ एक पदक के साथ पदक तालिका को बंद कर देंगे।

# डूरंड कप 2024 : चेन्नईयिन एफसी ने 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की

- चेन्नईयिन की टीम आज भारतीय सेना के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी
- वरिष्ठ खिलाड़ियों और रिजर्व टीम के खिलाड़ियों का मिश्रण है

**चेन्नई। एजेंसी**



चेन्नईयिन एफसी ने 27 जुलाई से 31 अगस्त तक होने वाले डूरंड कप के 133वें संस्करण के लिए मंगलवार को 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

चेन्नईयिन की टीम बुधवार को भारतीय सेना के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। सहायक कोच नोएल विल्सन, जो नए सीजन से पहले ओवेन कोयल के कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए, ने कहा यह एक बहुत अच्छी टीम है क्योंकि इसमें आईएसएल टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों और रिजर्व टीम के खिलाड़ियों का मिश्रण है और जिन खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, उन्हें डूरंड कप में चेन्नईयिन एफसी का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

चेन्नईयिन एफसी को इंडियन सुपर लीग की ओर से जमशेदपुर एफसी के साथ-साथ सशस्त्र बलों की भारतीय सेना और असम राइफल्स के साथ ग्रुप डी में शामिल किया गया है। ग्रुप चरण के सभी छह खेल जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होंगे, जिसके बाद ग्रुप विजेता और, संभवत दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम, नॉकआउट चरण में आगे बढ़ेगी। मरीना मचान्स अपने पहले मैच के बाद 4 अगस्त को जमशेदपुर एफसी से भिड़ेंगे और 11 अगस्त को असम राइफल्स के खिलाफ अपने ग्रुप चरण का समापन करेंगे। चेन्नईयिन पहले 2022 और 2023 में डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी, और इस बार अपने पिछले प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश कर रही है, सहायक कोच विल्सन के अनुसार हम वहां गेम जीतने के लिए जा रहे हैं।

हम वहां हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं। एक टीम के रूप में, हम मैदान पर, मैदान के बाहर एक साथ रहेंगे। एकता होने वाली है। हम मैदान पर जाकर लड़ेंगे और अपना 100 प्रतिशत देंगे।'

**डूरंड कप 2024 के लिए मुंबई सिटी रिजर्व टीम**

गोलकीपर : मोहनराज के, समिक मित्रा, मल्हार उमेश मोहोल।

डिफेंडर : निकेथ एन, बिकाश युमनाम, अलेक्जेंडर रोमारियो जेसुराज, रोजक अली एसके, वाईवी प्रफुल्ल कुमार, एबी एस, शानू स्टेलस, सचू सिबी।

मिडफील्डर : नगनगोम रमन सिंह, गणेशपंडी एस, सोलाईमलाई आर, जयसूर्या, विवेक एस, कार्तिक टी, विंसी बैरेटो, कोमल थाटल, लालपेख्लुआ।

फॉरवर्ड : विशाल आर, इरफान यदवद।

## मनिका बत्रा ने राउंड ऑफ 32 में फ्रांस की पृथिका पावड़े को हराया

**पेरिस। एजेंसी**



भारतीय पैडलर मनिका बत्रा ने सोमवार रात पेरिस ओलंपिक के टेबल टेनिस महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में फ्रांस की पृथिका पावड़े को शिकस्त दी। टेबल टेनिस महिला एकल राउंड ऑफ 32 मैच में मनिका बत्रा ने अपनी फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी को 4-0 (11-9, 11-6, 11-9, 11-7) से हराया। बत्रा ने दो अंकों से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पहला गेम 11-9 से जीता। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम को पांच अंकों के आरामदायक अंतर से जीता। हालांकि पावड़े ने तीसरे गेम में प्रतिरोध करने की कोशिश की, लेकिन बत्रा ने गेम 11-9 से अपने नाम कर लिया।

इससे पहले राउंड ऑफ 64 मैच में मनिका बत्रा ने ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्सी को हराया था। 29 वर्षीय बत्रा ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 11-8, 12-10, 11-9, 9-11, 11-5 के स्कोर के साथ मैच जीतकर राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की की थी। बत्रा ने पूरे मैच में दबाव में उल्लेखनीय संयम दिखाया।

### कार्लोस सैन्ज ने 2025-26 के लिए विलियम्स रेसिंग के साथ किया करार

**पेरिस।** फॉमूर्ला वन ड्राइवर कार्लोस सैन्ज ने 2025 और 2026 सीजन के लिए विलियम्स रेसिंग के साथ अनुबंध किया है। 29 वर्षीय स्पैनियार्ड फेरारी में अपने अंतिम सीजन में हैं और वर्तमान में त्र ड्राइवर स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर हैं। सैन्ज ने सोमवार को एक बयान में कहा मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मैं 2025 से विलियम्स रेसिंग में शामिल हो जाऊंगा। यह कोई रहस्य नहीं है कि इस साल का ड्राइवर बाजार विभिन्न कारणों से असाधारण रूप से जटिल रहा है और मुझे अपना निर्णय घोषित करने में कुछ समय लगा है। उन्होंने कहा हालांकि, मुझे पूरा विश्वास है कि विलियम्स मेरे लिए अपनी त्र यात्रा जारी रखने के लिए सही जगह है और मुझे ऐसी ऐतिहासिक और सफल टीम में शामिल होने पर बहुत गर्व है।

## ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम पेरिस पहुंची



**पेरिस। एजेंसी**

भारतीय एथलेटिक्स टीम मौजूदा पेरिस ओलंपिक 2024 में ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं से पहले मंगलवार को पेरिस पहुंची। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर पेरिस के हवाई अड्डे पर एथलेटिक्स टीम के पहुंचने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा भारतीय एथलेटिक्स टीम पेरिस में पहुंची। पेरिस 2024 ओलंपिक में एथलेटिक्स में भारत की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिसमें विभिन्न ट्रैक और फील्ड स्पधाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले एथलीटों की एक मजबूत लाइनअप है। देश के खेल अधिकारियों ने व्यापक प्रशिक्षण और विकास परियोजनाओं में निवेश करते हुए एथलेटिक्स पर महत्वपूर्ण जोर दिया है। इस रणनीतिक फोकस का उद्देश्य पिछले खेलों की सफलताओं को आगे बढ़ाना और इस अनुशासन में भारत की पदक तालिका में सुधार करना है।

## वाणिज्य

## भारत में चीनी निवेश को समर्थन देने पर पुनर्विचार नहीं : गोयल

**नई दिल्ली। एजेंसी**



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को समर्थन देने पर पुनर्विचार नहीं कर रहा है, जैसा कि हाल में आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया था। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी रिपोर्ट है, जो हमेशा नए विचारों के बारे में बोलती है और अपनी सोच बताती है। वाणिज्य मंत्री गोयल ने वाणिज्य भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि देश में चीनी निवेश का समर्थन करने के लिए फिलहाल कोई पुनर्विचार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश में चीनी निवेश का समर्थन करने के बारे में कोई सोच नहीं है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण सरकार के लिए बिल्कुल भी बाध्यकारी नहीं है। गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि देश में चीनी निवेश को समर्थन देने पर फिलहाल कोई पुनर्विचार नहीं किया जा रहा है। दरअसल चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच संसद में 22 जुलाई को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पेश आर्थिक समीक्षा में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का दोहन करने के लिए पड़ोसी देश चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने की वकालत की गई थी। गोयल ने इसी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 2020 में भारत के साथ सीमा साझा करने वाले देशों से एफडीआई के लिए उसकी मंजूरी अनिवार्य कर दी थी।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में दबाव सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव की स्थिति नजर आ रही है। कारोबार की सपाट स्तर पर मिली-जुली शुरूआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी भी आई। लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण शेयर बाजार की चाल में गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.05 प्रतिशत और निफ्टी 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बीपीसीएल, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और कोल इंडिया के शेयर 5.65 प्रतिशत से लेकर 2.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलटी माइंडट्री, एचडीएफसी लाइफ और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 2.05 प्रतिशत से लेकर 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,239 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,404 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 835 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 17 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 6.56 अंक की मामूली गिरावट के साथ 81,349.28 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से ये सूचकांक उछल कर 81,520.94 अंक तक पहुंच गया।

### कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट जारी है। ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.41 डॉलर यानी 0.51 फीसदी की गिरावट के साथ 79.37 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.44 डॉलर यानी 0.58 फीसदी फिसलकर 75.37 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी बना दबाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर दबाव का माहौल बना हुआ है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार लगातार उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,463.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,370.20 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40,489.79 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद यूरोपीय बाजार के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 8,292.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.99 प्रतिशत टूट कर 7,443.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,320.67 के स्तर पर बंद हुआ।

# भारत का प्रदर्शन विश्व के लिए आदर्श, देश तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर: पीएम मोदी

**नई दिल्ली /एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को विश्व के लिए आदर्श बताते हुए मंगलवार को कहा कि भारत महामारी के बाद तेजी से पुनः उच्च आर्थिक वृद्धि की राह पर लौट आया है तथा उनके वायदे के अनुसार, उनके तीसरे कार्यकाल में विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और भारत सधे हुये कदमों से इस ओर बढ़ रहा है और निकट भविष्य में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बन जायेगा। मोदी भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से बजट 2024-25 पर यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा, मैं जिस बिरादरी से आता हूं, उस बिरादरी की पहचान बन गई है कि चुनाव से पहले जो बातें करते हैं, वो चुनाव के बाद भुला देते हैं, लेकिन मैं उस बिरादरी में अपवाद हूं। इसलिए, मैं आपको याद दिलाता हूं कि मैंने कहा था कि मेरे तीसरे कार्यकाल में देश, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने प्रधानमंत्री के स्वागत भाषण में कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प हुआ है और भारत को विश्व में एक नयी जगह मिली है और भारत आज दुनिया की सबसे तीव्र गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प में उद्योग जगत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुये, इस बजट में रोजगार प्रोत्साहन जैसी योजनाएं लाने के बारे में उद्योग जगत के सुझावों को शामिल किये जाने के प्रति प्रधानमंत्री का आभार जताया।



मोदी ने कहा कि उनकी सरकार जिस बड़े पैमाने और बड़ी रफ्तार से काम कर रही है वह अभूतपूर्व है तथा वैश्विक अनिश्चितता के दौर में भारत में जो आर्थिक वृद्धि दर और राजकोषीय संतुलन कायम रखा है, वह दुनिया के लिये एक आदर्श है। भारत आज विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि में 16 प्रतिशत का योगदान कर रहा है। उन्होंने कहा विश्वास जताया कि उनकी सरकार ने 10 वर्ष में जो सुधार किये हैं, वे अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की तरफ ले जा रहे हैं और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

प्रधानमंत्री ने भारतीय उद्योग जगत को विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के प्रयास में सरकार के साथ न केवल कंधा से कंधा मिलकर काम करने बल्कि सरकार के साथ प्रतिस्पर्धा कर सरकार को पीछे छोडने का आ''ान किया। मोदी ने कहा, आज भारत आठ प्रतिशत की दर से आर्थिक वृद्धि कर रहा है, आज हम विकसित भारत की ओर प्रयाण की बात कर रहे है। वह दिन दूर नहीं, जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जायेगा। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने 2014 में पहली बार सत्ता संभाली थी, तब प्रश्न था कि अर्थव्यवस्था को कैसे पटरी पर लायें। उससे पहले भारत को पांच दुर्बल अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था और उस समय के सरकार के बड़े-बड़े घोटालों की चर्चा होती थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत को महासंकट से उबारकर हम इस ऊंचाई पर लाये हैं। उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार का आखिरी बजट 16 लाख करोड़ रुपये का था, आज वह तीन गुना होकर 48 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। इसी तरह, 2004-14 के बीच पूंजीगत बजट सालाना 90 हजार करोड़ रुपये से दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा था, हमारी सरकार में कैपेक्स (पूंजीगत व्यय) पांच गुना बढ×कर इस बार के बजट में 11 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमने कर की दरों में रिकॉर्ड कटौती करने के बावजूद, रेलवे, सड×क और अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र के लिये पूंजीगत व्यय बढ़ाया है।

उन्होंने कहा, बात केवल कर घटाने, पूंजीगत व्यय बढ़ाने की ही नहीं बल्कि सुशासन की भी है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में दुनिया की सबसे बड़ी महामारी का संकट आया। कई देशों में बड़ी लड़ाइयां छिड़ीं और देश में सूखा तूफान तथा भूकंप जैसी अनेक प्राकृतिक आपदाएं आयीं। मोदी ने कहा कि यदि यह संकट न होते, तो भारत आज और नयी ऊंचाई पर होता, यह मेरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि सरकार कारोबार में आसानी, जीवन में आसानी और उद्योग 4.0 (डिजिटलीकृत औद्योगिक युग) के लिये तमाम कदम उठाये हैं। आज भारत के युवाओं में यह विश्वास बना है कि वह अपने दम पर कुछ कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने इस वातावरण के लिये सरकार की मुद्रा योजना, स्टार्टअप, योजना और स्टैंडअप योजना जैसी पहलों का जिक्र करते हुये कहा कि मुद्रा ऋण योजना से आठ करोड़ लोगों ने अपने रोजगार खोले हैं। स्टार्टअप की संख्या 1.40 लाख तक पहुंच गयी है, जिसमें लाखों युवा लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में रोजगार बढ़ाने के लिये दो लाख करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ नयी पहल की गयी है। उससे चार करोड़ युवाओं के लिये रोजगार के अवसर बनेंगे।

मोदी ने कहा, मैं इंडस्ट्री को, भारत के प्राइवेट सेक्टर को भी 'विकसित भारत' बनाने का सशक्त माध्यम मानता हूं। मैं आप जैसे साथियों को, वेल्थ क्रिएटर्स को भारत का प्रमुख ड्राइविंग फोर्स मानता हूं और मैं लाल किले से भी ये कहने में संकोच नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप योजना और उद्योगों को कर्मचारी भविष्यनिधि (ईपीएफ) योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन का उल्लेख करते हुये कहा कि वह उद्यमियों को रोजगार सृजन और वृद्धि का इंजन मानते हैं और अपेक्षा है कि उद्योग जगत सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेगा।

उन्होंने कहा कि भारत हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष उद्योग, परमाणु ऊर्जा और ऐसे तमाम नये उभरते औद्योगिक क्षेत्रों में विश्व की ताकत बनेगा। मोदी ने कहा कि सरकार समुद्र में उत्खनन के लिये जल्द ही पहले अपतटीय खनन ब्लॉक की नीलामी करायेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार विकसित भारत के संकल्प के साथ काम कर रही है, हमारी सरकार का इरादा और दिशा स्पष्ट है, उसमें कोई भटकाव नहीं है। उन्होंने उद्योगों को दी जाने वाले प्रोत्साहनों का उल्लेख करते हुये, 2014 में, एक करोड़ रुपये वाली एमएसएमई को अनुमानित कर देना पड़ता है और अब तीन करोड़ लाभ वाली एमएसएमई को भी लाभ मिल सकता है। वर्ष 2014 में, 50 करोड़ वाली सूक्ष्म, लघु और मझोली (एमएसएमई) को 30 प्रतिशत कर देना पड़ा, आज यह दर 22 प्रतिशत है। वर्ष 2014 में, निवेशक 30 प्रतिशत कॉर्पोरेट कर की दरें रखते थे, आज 400 करोड़ रुपये तक की आय वाली कंपनी के लिए यह दर 25 प्रतिशत है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव 2024 : 538 सीटों पर डाले गए और गिने गए वोटों में बड़ा अंतर, रिपोर्ट ने मचाई सनसनी

**नई दिल्ली/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में 538 सीटों में पड़े कुल वोटों और गिने गए वोटों की संख्या में अंतर का दावा किया गया है। यह दावा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ß्ठक्र) ने किया है। एडीआर के संस्थापक प्रो. जगदीप छोकर ने रिपोर्ट जारी करते हुए दावा किया कि 362 सीटों पर डाले गए कुल मतों में से 5 लाख 54 हजार 598 वोट कम गिने गए हैं। उन्होंने कहा कि 176 सीटों पर डाले गए कुल 35 हजार 93 वोट अधिक गिने गए हैं।

एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2019 के आम चुनाव की तुलना में 2024 के लोकसभा चुनाव में डाले गए कुल मतों और गिने गए वोटों की संख्या में काफी अंतर है। प्रो. जगदीप छोकर ने लोकसभा चुनाव में हो रही गड़बडियों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इस चुनाव में मतदान का अंतिम आंकड़ा जारी करने में अत्याधिक देरी और मतदान केंद्रों के अलग-अलग आंकड़ों का अभाव और अंतिम मिलान किए गए आंकड़ों के आधार पर चुनाव परिणाम जारी किए गए या नहीं? ये सभी सवाल देश की जनता के मन में उठ रहे हैं।

कई सवालों का जवाब देने में चुनाव आयोग असमर्थः एडीआर

एडीआर की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चुनाव आयोग ने काउंटिंग के आखिरी डेटा को अब तक जारी नहीं किया है। वहीं, आयोग अब तक डाले गए वोट और गिने हुए वोट में अंतर पर जवाब देने में असमर्थ है। मत प्रतिशत में वृद्धि कैसे हुई है। इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आम चुनाव 2024 के परिणामों में 538 संसदीय क्षेत्रों में डाले गए और गिने गए मतों में काफी विसंगतियां सामने आईं, अमरेली, अत्तिगल, लक्षद्वीप और दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव को छोड़कर।

# प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवम बड़ी बिजली की दरो के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन 1और 2 को

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर, 30 जुलाई।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मंगलवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश भर से जयपुर आये कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रदेश भर में पेयजल की किल्लत तथा भीषण गर्मी में सरकार द्वारा बिजली की आपूर्ति करने में विफल रहने के साथ ही प्रदेश भर में बेपटरी हो रही कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा कर प्रदेश की भाजपा सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार सत्ता में आने के पश्चात प्रदेशवासियों को मूलभूत सुविधायें प्रदान करने में विफल रही है। प्रदेश में भीषण गर्मी के बावजूद बिजली की आपूर्ति बाधित है तथा गांवों



एवं छोटे कस्बों में अघोषित रूप से 4 से 18 घण्टे तक बिजली की कटौती की जा रही है जिस कारण प्रदेश की जनता को कष्ट का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही प्रदेश की भाजपा सरकार ने बिजली के बिलों में फिक्स्ड चार्जेज की दर को बढ़ाकर आमजन पर आर्थिक बोझ डालने का जनविरोधी निर्णय लिया है। प्रदेश में अनेक जिले पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं किन्तु प्रदेश सरकार इन जिलों में पीने योग्य पानी पहुँचाकर प्यास बुझाने में विफल रही है जिस कारण लोगों को दूरस्त स्थान से पैदल जाकर पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेपटरी हो गई है, राजस्थान की राजधानी सहित पूरे प्रदेश में महिलाओं के साथ दुष्कर्म, हत्या, अपहरण, चैन स्नेचिंग जैसे गंभीर अपराध प्रतिदिन अखबार की सुर्खियां बनते हैं तथा आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है।

स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस को निर्देशित किया है कि आमजन की पीड़ा को दूर करने में भाजपा की प्रदेश सरकार के विफल रहने तथा प्रदेशवासियों को पेयजल, बिजली की आपूर्ति करने में असफल रहने एवं प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में 01 व 02 अगस्त, को सभी जिला एवं ब्लॉक स्तर पर धरना/प्रदर्शन आयोजित करें।

# संगीतकार, कलाकार और अल्केमिक सोनिक एनवायरनमेंट की संस्थापक सत्या हिंदुजा को भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की।

**चमकता राजस्थान**

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में संगीतकार, कलाकार और अल्केमिक सोनिक एनवायरनमेंट (अरए) की संस्थापक सत्या हिंदुजा को आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। सत्या हिंदुजा को यह मानद डॉक्टरेट ध्वनि, संगीत, फिल्म, तंत्रिका विज्ञान और योग के क्षेत्रों को एकीकृत करने में उनके योगदान के सम्मान में प्रदान की गई।

सत्या हिंदुजा ने इसे ''विश्वविद्यालय द्वारा किसी व्यक्ति को दिया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण सम्मान'' बताते हुए कहा, ''उत्कृष्टता के प्रति मेरी प्रतिबद्धता और रचनात्मकता और नवाचार की मेरी खोज को आपका सम्मान देना मेरे पूरे करियर में की गई यात्रा की पुष्टि है।''

छात्रों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए, सत्या हिंदुजा ने छात्रों से गहन श्रवण की कला विकसित करने का आग्रह किया, जो उन्हें बदलती दुनिया में आगे बढ़ने में मदद करेगी। यह कहते हुए कि हममें से प्रत्येक के भीतर संभावनाओं की एक सिम्फनी है जो मुक्त होने की प्रतीक्षा कर रही है, सत्या हिंदुजा ने कहा, ''यूनानी दार्शनिक हेराक्लिटस ने प्रसिद्ध रूप से कहा था, परिवर्तन जीवन में एकमात्र स्थिर है, एक स्थिर जो अनिवार्य रूप से हम सभी के साथ पल-पल यात्रा करता है, और इन क्षणों के भीतर अपने भीतर की दुनिया की सूक्ष्म धुनों के साथ खुद को जोड़कर, हम एक केंद्र बिंदु, एक धारण स्थान बना सकते हैं। जहां समझ, ईमानदारी, सटीकता, ध्यान और लचीलापन उभर सकता है, जिससे हम अपने भीतर के नवाचार को गहराई से सुन सकते हैं जो हमारे तेजी से बदलते विश्व में पुनर्जीवित होने और आगे आने के लिए आवश्यक है।''

कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता द्वारा लिखे गए प्रशस्ति पत्र में विश्वविद्यालय ने सत्या हिंदुजा के ''संगीत की जादुई दुनिया में योगदान, जुनून को जगाने, ध्वनि को समझने की खोज और ध्वनि, संगीत और स्वास्थ्य के संगम पर वैज्ञानिक-सामुदायिक चेतना के साथ ध्वनि के कलात्मक मिलन को जोड़ने के प्रयासों'' का उल्लेख किया। डॉ. गुप्ता ने कहा, ''सत्या की आर्टिस्टिक प्रैक्टिस में कई तरह के रंग शामिल हैः फिल्मों और मिश्रित-मीडिया प्रतिष्ठानों और उत्पादन, रीमिक्सिग और डीजेइंग (साउंड अंडरग्राउंड के रूप में) के लिए स्कोरिंग। इस यात्रा के दौरान ही उन्होंने न्यूरो-भाषाई प्रोग्रामिंग, काइनेसियोलॉजी, क्वांटम थ्योरी और वैदिक दर्शन के बीच अंतर्संबंध की खोज की, जो एएसई के संस्थापक के रूप में उनकी वर्तमान परियोजना में विकसित हुई।''

प्रशस्ति पत्र में सत्या हिंदुजा की कला और स्वास्थ्य के साथ बातचीत का भी उल्लेख किया गया है, जो सामूहिक शिक्षा और कल्याण की भागीदारी के साथ ध्वनि ध्यान, सार्वजनिक प्रस्तुतियाँ, चित्रकारी और सुनने की कार्यशालाओं की पेशकश में स्वाभाविक रूप से विस्तारित हो रही है, जो धीरे-धीरे एएसई पद्धति में विकसित हो रही है।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर सिटी डिवीज़नों में चल रहा ऑनलाइन टेंडरों में पुलिंग का खेल

## अतिरिक्त मुख्य अभियंता जोन प्रथम और अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर की नाक के नीचे हो रहा भ्रष्टाचार

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के प्रयास जारी हैं लेकिन फिर भी सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर सिटी डिवीज़नों में अतिरिक्त मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियन्ता की नाक के नीचे ऑनलाईन टेंडरों में पुलिंग का खेल सामने आया है ,मिली जानकारी के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर सीटी डिवीज़नों में ऑनलाइन टेंडरों में जैसे ही ठेकेदार धरोहर राशि एक्सईएन की आईडी में जमा कराता है उसकी पहचान ज़ाहिर हो जाती है और यह पहचान केवल कैशियर या एक्सईएन का कंप्यूटर कर्मी ही ज़ाहिर कर सकता है क्योंकि उन्हें के पास एक्सईएन की आइडी रहती है जैसे ही कोई ठेकेदार टेंडर डालता है दूसरे ठेकेदार उससे सम्पर्क करने का प्रयास करते हैं और उन्हें अपनी दरों पर टेंडर भरने का आमंत्रण देते हैं इस प्रकार पुलिंग के खेल में निर्माण विभाग को भारी राजस्व का घाटा हो रहा है, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सीएम राज माथुर अपनी सेवानिवृत्ति का इंतज़ार कर रहे हैं वहीं अधीक्षण अभियन्ता अनिल विजयवर्गीय अपनी पोस्टिग का इंतज़ार ऐसे में राम भरोसे चल रहा विभाग, हो रहा जमकर भ्रष्टाचार !

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929